स्मृति को प्रणाम!

बाबू रघुवीर नारायण

(स्मारिका-2000)

संपादक

डॉ० रामशोभित प्रसाद सिंह

स्मृति को प्रणाम!

बाबू रघुवीर नारायण

(स्मारिका-2000)

संपादक

डॉ० रामशोभित प्रसाद सिंह

पाण्डेय कपिल ग्रंथ-संग्रह
मार्ग-3, इन्द्रपुरी, पटना-800024

प्रकाशक

रघुवीर नारायण सेवा संस्थान

ग्राम+पो०- नयागाँव, जिला-सारण (बिहार)

www.bhojpurisahityangan.com

विषय-सूची

सम्पादकीय	डॉ० रामशोभित प्रसाद सिंह	3
बटोहिया	रघुवीर नारायण	4
रघुवीर नारायण के यशस्वी कुल-परिवार	पाण्डेय कपिल	6
प्रेम के कवि: रघुवीर नारायण	नागेन्द्र प्रसाद सिंह	8
'बटोहिया' के अमर गायक बाबू रघुवीर नारायण	निशान्तकेतु	10
बाबू रघुवीर नारायण और 'बटोहिया'	विश्वनाथ सिंह 'अधिवक्ता'	12
'बटोहिया' के अमर कवि बाबू रघुवीर नारायण	प्रताप नारायण	14
बाबू रघुवीर नारायण जी : संस्मरण	सत्यदेव प्रसाद चौरसिया	16
एक संस्मरण	श्यामदेव प्रसाद	17
बोले माटी सारन के	प्रो० बच्चू पांडेय	18
सारन की साहित्य-साधना में नयागाँव की भूमिका	डॉ० रामकिशोर प्र० श्रीवास्तव	24
इतिहास के पन्नों में नयागाँव	अशोक कश्यप	26
भोजपुरी के अमर कवि रघुवीर नारायण	जगदीश सिंह	29
प्रतिवेदन	प्रो० रामनाथ राय एवं जगदीश सिंह	30
गीत	सत्यनारायण सिंह	32

www.bhojpurisahityangan.com

संपादकीय....

भोजपुरी, हिन्दी और अंग्रेजी भाषा और साहित्य को अपनी लेखनी और कृतियों से समृद्ध करनेवाले कविवर रघुवीर नारायण जी की 116 वीं वर्षगांठ के अवसर पर उनकी स्मृति में प्रस्तुत स्मारिका समर्पित करने हुए असीम हर्ष हो रहा है। इस स्मारिका का प्रकाशन विगत कई वर्षों अर्थाभाव के कारण लंबित रहा। किन्तु, यदि संकल्प पक्का हो, इरादे नेक हों और सभी सुधी जनों का सहयोग हो तो कठिन से कठिन कार्य भी देर-सबेर संभव हो जाता है। इस स्मारिका के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। रचनाएँ संकलित कर प्रो० रामनाथ राय, श्री भिखारी नाथ, श्री जगदीश सिंह और श्री जयमंगल सिंह जी ने वर्षों पूर्व मुझे प्रकाशनार्थ सुपुर्द कर दिया था। कलम का मजदूर के घर में कागजों और पुस्तकों की ढेर में यह सामग्री खो न जाए, इसलिए मैंने इसे एक बेहद कीमती धन के रूप में सुरक्षित रखा। पुस्तक लेखन एवं पत्रिका संपादन के कार्यों से मैं अबतक विगत कई दशकों से जुड़ा रहा हूँ। इसलिए मैं जानता हूँ कि प्रकाशनार्थ समग्री का संकलन और फिर उसे प्रकाशित कराना कितना दुष्कर कार्य है। किन्तु कर्म के प्रति आस्था अडिग हो तो कठिन कार्य भी सरल हो जाता है। दान-स्वरूप धीरे-धीरे राशि पहुँचती गई। इनमें भोजपुरी के कवि और कथाकार श्री सत्यनारायण सिंह (राजीवनगर), श्री हरेराम पटेल (दिल्ली), श्री भिखारी नाथ (नयागाँव), श्री जगदीश सिंह (बाजितपुर), श्री प्रेमशरण (पटना), प्रो० रामनाथ राय (नयागाँव), श्री श्यामदेव प्रसाद (पटना) तथा श्री वीरेन्द्र नाथ पाठक (पटना) के नाम उल्लेखनीय हैं। उन सबों के प्रति आभार।

इसके प्रकाशन और संपादन में मुझे आदरणीय श्री जयमंगल सिंह, श्री भिखारी नाथ, श्री जगदीश सिंह, प्रो० रामनाथ राय आदि का परामर्श एवं सहयोग मिलता रहा। अतएव वे सभी धन्यवाद के पात्र हैं।

डॉ० शिवनारायण जी वय की दृष्टि से भलेही मेरे अनुज तुल्य हैं किन्तु विद्वता और ज्ञान की दृष्टि से वे अग्रज हैं। यदि उनका हमें समय-समय पर सहयोग न मिलता तो यह कार्य इतना जल्द और कुशलपूर्वक संपन्न नही होता। अतएव उन्हें अनेक धन्यवाद। कॉस्मिक कम्प्यूटर्स के संचालक श्री संजय जी साधुवाद के पात्र है जिन्होंने भरपूर सहयोग दिया।

सद्भावपूर्ण ग्रामीण वातावरण में स्वस्थ शैक्षिक एवं सांस्कृतिक वातावरण का निर्माण कर उसे सदैव पल्लवित एवं पुष्पित करने का दायित्व स्थानीय जन समुदाय का होता है। इसी पावन उद्देश्य के साथ नयागाँव में इन संस्थाओं का निर्माण किया गया है।

आइये, हम सभी एकजुट होकर समाज, साहित्य, राज्य और राष्ट्र की समृद्धि में योगदान करने की प्रतिज्ञा करें ताकि आपका क्षेत्र राज्य और राष्ट्र का गौरव स्थल हो सके।

अन्त में कविवर रघुवीर नारायण जी की पावन स्मृति में विनम्र श्रद्धांजलि सहित

-डॉ० राम शोभित सिंह

www.bhojpurisahityangan.com

बटोहिया

□ रघुवीर नारायण

'बटोहिया' शीर्षक भोजपुरी काव्य के ख्यातिप्राप्त कवि रघुवीर नारायण अपने समय में तो बहुचर्चित थे ही, आज भी विविध महत्वपूर्ण अवसरों पर उनकी प्रस्तुत कविता 'बटोहिया' का गायन सुनकर हर श्रोता मंत्रमुग्ध हो जाता है। इस भोजपुरी गीत की रचना कर उन्होंने एक कीर्तिमान स्थापित कर दिया। यह गीत भारत के बाहर विदेशों में भी जैसे मॉरीशस, ट्रिनीनाड, दक्षिण अफ्रिका के भारतीय परिवारों के बीच काफी लोकप्रिय रहा। -संपादक

सुन्दर सुभूमि भैया भारत के देसवा से,
मोरे प्राण बसे हिम खोह रे बटोहिया।

एक द्वार घेरे राम हिम कोतवलवा से,
तीन द्वार सिन्धु घहरावे रे बटोहिया।।

जाऊ जाऊ भैया रे बटोही हिन्द देखि आऊ।
जहवाँ कुहुकि कोइली बोले रे बटोहिया।।

पवन सुगन्ध मन्द अगर गगनवाँ से
कामिनी बिरह राग गावे रे बटोहिया।।

बिपिन अगम घन सघन बगन बीच,
चम्पक कुसुम रंग देवे रे बटोहिया।।

द्रुम बट पीपल कदम्ब अम्ब नीम वृक्ष,
केतकी गुलाब फूल फूले रे बटोहिया।।

तोता तूती बोले राम बोले भेंगरेजवा से,
पपिहा के पी पी जिया साले रे बटोहिया।।

सुन्दर सुभूमि भैया भारत के देसवा से,
मोरे प्राण बसे गंगा धार रे बटोहिया।।

गंगा रे जमुनवाँ के झममग पनियाँ से,
सरजू झमकि लहरावे रे बटोहिया।।

ब्रह्मपुत्र पंचनद घहरत निसि दिन,
सोनभद्र मीटे स्वर गावे रे बटोहिया।।

www.bhojpurisahityangan.com

अपर अनेक नदी उमड़ी घुमड़ी नाचे,
जगन के जदुआ जगावे रे बटोहिया।।

आगरा प्रयाग काशी दिल्ली कलकतवा से,
मोरे प्रान बसे सरजू तीर रे बटोहिया।।

जाऊ जाऊ भैया रे बटोही हिन्द देखि आऊ,
जहाँ ऋषि चारो वेद गावे रे बटोहिया।।

सीता के विमल जस राम जस कृष्ण जस,
मोरे बाप दादा के कहानी रे बटोहिया।।

व्यास वाल्मीकि ऋषि गौतम कपिलदेव,
सुतल अमर के जगावे रे बटोहिया।।

रामानुज रामानन्द न्यारी प्यारी रूपकला,
ब्रह्म सुख वन के भँवर रे बटोहिया।।

नानक कबीर गौरी शंकर श्रीरामकृष्ण,
अलख के गतिया बतावे रे बटोहिया।।

विद्यापति कालिदास सूर जयदेव कवि,
तुलसी के सरल कहानी रे बटोहिया।।

सुन्दर सुभूमि भैया भारत के देसवा से,
मोरे प्राण बसे हिम खोह रे बटोहिया।।

जाऊ जाऊ भैया रे बटोहि हिन्द देखि आऊ,
जहाँ सुख झुले धान खेत रे बटोहिया।।

बुद्धदेव पृथु वीर अरजुन शिवाजी के,
फिरि फिरि हिम सुधि आवे रे बटोहिया।।

अमर प्रदेस देस सुभग सुधर बेस,
मोरे हिन्द जग के निचोर रे बटोहिया।।

सुन्दर सुभूमि भैया भारत के भूमि जेहिं,
जन ''रघुवीर'' सिर नावे रे बटोहिया।।

◆

www.bhojpurisahityangan.com

रघुवीर नारायण के यशस्वी कुल-परिवार

□ पाण्डेय कपिल

बाबू रघुवीर नारायण के जनम एगो सम्भ्रान्त, सम्पन्न, सुशिक्षित आ सुसंस्कृत श्रीवास्तव कायस्थ परिवार में भइल रहे। इनकर वंश-परम्परा पुरान बा, जवना के पिछला सात सौ बरिस के इतिहास उपलब्ध बा।

बाबू रघुवीर नारायण के पुरखा लोग मूलत: काश्मीर के निवासी रहे, जे कालान्तर में, मुहम्मद तुगलक के जमाना में इलाहाबाद जिला के 'कड़ा मणिकपुर' नामक जगह में आके बस गइल रहे। उहाँ से, रघुवीर बाबू के एगो पुरखा ठाकुर बलभद्र दास, शम्सुद्दीन हाजी इलियास के शाहजादा लोगन के बोलवला पर सन् 1352 ई० में हाजीपुर अइले आ कसमर परगना के कानूनगो बहाल भइले। ऊ सोनपुर में गंगा-गंडक के संगम पर बाबा हरिहरनाथ के मन्दिर का लगे अकबरपुर में आपन घर बनवले। उनकर पाँचवीं पीढ़ी में ठाकुर वासुदेव दास, एगो महात्मा का सुझाव पर, मही नदी के किनारे एगो नया गाँव बसवले 'नयागाँव' आ अपना परिवार का सँगे उहँई आके बस गइले।

ठाकुर बलभद्र दास से गिनल जाय त बाबू रघुवीर नारायण एह वंश के चउदहवीं पीढ़ी में अइहें। बारहवीं पीढ़ी तकले, एही कुल-परिवार के कुल सोरह आदमी लगातार कसमर परगना के कानूनगो होत अइले। सोरहवाँ कानूनगो रहले ठाकुर दिगम्बर लाल सिंह, जे रघुवीर बाबू के दादा के सबसे बड़ भाई रहले। जब ईस्ट इंडिया कम्पनी के राज भईल त कम्पनी कानूनगो के पद उठा दिहलस, आउर सोरहवां कानूनगो ठाकुर दिगम्बर लाल सिंह के छोट भाई आ रघुवीर नारायण के दादा ठाकुर मनियार सिंह छपरा के कलक्टर के पेशकार आ सिरिस्तेदार बहाल भइले। बाबू रघुवीर नारायण के पिता बाबू जगदेव नारायण छपरा के नामी वकील रहले। रघुवीर नारायण के आपन बड़ भाई बाबू शुकदेव नारायण सीनियर डिप्टी कलक्टर रहले। बाबू रघुवीर नारायण के बुआ वृषभानुदुलारी (बिरखा बुआ) के बेटा बाबू महेश्वर प्रसाद म्योर सेंट्रल कॉलेज में प्रोफेसर आ बाद में इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार रहले। आगे चलके ई 'बिहारी' नाम के दैनिक पत्रिका के सम्पादक आ पटना यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार भइल रहले।

रघुवीर बाबू के दादा ठाकुर मनियार सिंह के दोसरका बेटा बाबू राज बिहारी सहाय के दूगो बेटा (बाबू रघुवीर नारायण के चचेरा भाई) रायबहादुर बाबू सूर्या प्रसाद आ रायबहादुर बाबू गौरीशंकर सहाय अपना जमाना में भागलपुर के नामी वकील भइल लोग। बाबू सूर्या प्रसाद के बेटा श्री मुक्तेश्वर प्रसाद भागलपुर नगर पालिका के चेयरमैन आ भागलपुर यूनिवर्सिटी के प्रो-वाइस चांसलर [illegible] एक कुल-परिवार के आउर बहुत लोग ऊँचे से ऊँचे पद पर काम क के नाम कमइले बा।

बाबू रघुवीर नारायण के तीन बेटा रहले-वीरेन्द्रदेव नारायण, कौशलेन्द्रदेव नारायण आ हरेन्द्रदेव नारायण। वीरेन्द्रदेव नारायण के बेटा हवे अवधेन्द्रदेव नारायण आ सीतेन्द्रदेव नारायण। हरेन्द्रदेव नारायण के तीन गो बेटा बाड़े, जवना में सबसे बड़ प्रताप नारायण बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी में काम करेले आ दूगो बेटा श्री दिवाकर आ श्रीकान्त आर्मी आ नेवी में ऊँचा पद पर बा लोग। हरेन्द्रदेव जी के बेटी डॉ० निकुंजनीलिमा पटना विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रहली।

लगभग सात सौ बरिस के एह सुदीर्घ वंश-परम्परा में उच्च सरकारी सेवा, राजनीति, धर्म, अध्यात्म, सामाजिकता, संगीत-साधना आ साहित्य-सेवा के अदभुत इतिहास देखे के मिलेला। विद्याध्ययन आ विद्याविलास एह यशस्वी कुल-परिवार के परम्परा रहल बा। एह कुल-परिवार के अनेक लोग संगीत के साधना कइले बा, त दर्जनो लोग साहित्य के सेवा कइले बा। फारसी, संस्कृत, उर्दू, हिन्दी, ब्रजभाषा, भोजपुरी आ अंग्रेजी में अधिकारपूर्वक साहित्य-रचना के एगो लमहर परम्परा एह कुल-परिवार के विशिष्टता रहल बा, आ ऊ विशिष्टता, समय बदल गइला का बावजूद, आज ले कायम बा।

रघुवीर नारायण के परदादा ठाकुर भूपनारायण फारसी के जबर्दस्त विद्वान आ कुशल गद्य-लेखक रहले। सुनल जाला कि उनकर लिखल फारसी ग्रंथ 'बोज़हत अफ़ज़ा' उनका वंशधर लोग के पास आजो उपलब्ध बा।

ठाकुर भूपनारायण के छोट भाई ठाकुर पहलवान सिंह फारसी गद्य-पद्य के पारंगत लेखक रहले। ई 'खुरेशर' उपनाम से कविता लिखत रहले। फारसी कविता के इनकर दीवान (संग्रह) भी रहे, जवना में के खाली पाँच गो कविता मिलेला। बाकी दीवान नष्ट चुकल बा। उनकर कुल्ह कविता निर्गुणी मारफती बा। ठाकुर पहलवान सिंह के संगीत में भी महारत हासिल रहे।

www.bhojpurisahityangan.com

ठाकुर भूपनारायण के सौतेल बड़ भाई ठाकुर संतोष नारायण के बेटा (रघुवीर बाबू के चचेरा दादा) ठाकुर कृपा-नारायण भी कवि रहले। ई *'आशिक गदा'* नामक काव्य-ग्रंथ लिखले। ई ग्रंथ छपल बा। एह ग्रंथ के शुरू के छन्द में ई आपन वंश-परिचय भी देले बाड़े। एह काव्य में इस्लाम के दार्शनिकता का साथे-साथे दूगो प्रेम-विह्वल प्राण के मर्मस्पर्शी कथा बाटे। एह ग्रंथ के शैली फकीराना बा। संयोग-श्रृंगार के भी ई आकर्षक वर्णन कइले बाड़े। इनकर कुछ पाँती इहाँ दिहल जाता। कृष्ण से तंग आके राधा कहत बाड़ी-

"औरन को छाँड़ि मोहि रोकत हौ बार-बार
कहौं हौं पुकारि मारि रारि मच जायगी
धाय-धाय अंचल करौ झोरो झकझोरो ना
सारी मोरी फटिहैं तो कामरी बिकायगी
जीवन-बल थाकै हौ अंगन पर हाथ धरत
एको लर मोतिन जो टूटि जो हेरायगी
एक एक मोतिन के मोलन के पाछे कृपा
नन्द वो जसोदा कान्ह तिनहू बिकायगी।

ठाकुर भूपनारायण के एगो आउर सौतेल बड़ भाई ठाकुर कीरत नारायण *'आल्हा-ऊदल'* काव्य फारसी में लिखले रहले। ऊ मीर कासिम के सहपाठी आ दोस्त रहले। आल्हा-ऊदल के कथानक पर लिखल आपन फारसी काव्य ऊ मीर कासिम के समर्पित कइले रहले।

ठाकुर भूपनारायण के दोसरका बेटा (रघुवीरनारायण के दादा) ठाकुर मनियार सिंह अरबी-फारसी के विद्वान कवि रहले। इनकर काव्य-शैली महाकवि उर्फी से प्रभावित रहे। ई फारसी में *'मरहबाय ब्राह्मण'* नाम के काव्य लिखले रहले।

ठाकुर मनियार सिंह के जेठ बेटा (रघुवीर बाबू के आपन बड़ चाचा) बाबू रामबिहारी सहाय भी कवि रहले। ई फारसी, ब्रजभाषा आ भोजपुरी में काव्य-रचना कइले रहले। फारसी में लिखल इनकर तीन गो कसीदा इनका वंशधर लोग का पास अबहिंयों मौजूद बा। इनकर हिन्दी आ भोजपुरी के कईएक कविता आ गीत ओह इलाका के पुरान लोगन का इयाद रहे, बाकिर ऊ पुरनका लोग उठत चल गइल आ उनका छितराइल कवितन के संग्रह ना हो सकल। शीतलपुर-बरंजा (सारन) के निवासी आ छपरा के नामी मोख्तार बाबू शिवशंकर सहाय, जे अपना समय के नामी संगीतज्ञ रहले, बाबू रामबिहारी सहाय के जिगरी दोस्त रहले, आ उनकर कविता संगीतबद्ध क के गावत रहले। लगभग तीस बरिस पहिले शिवशंकर सहाय का घरे रामबिहारी सहाय के कुछ कविता पुरान कागजन में मिलल रहे जे शिवशंकर सहाय के वंशधर लोग बिहार राष्ट्रभाषा परिषद् के साहित्यिक इतिहास विभाग में जमा करा दिहल। हिन्दी के रीतिकालीन कवि बिहारी के नाम पर इनका के लोग 'बिहारी बिहारी बाबू रामबिहारी सहाय', कहत रहे। बाबू रामबिहारी सहाय अपना प्रतिभाशाली भतीजा बाबू रघुवीर नारायण के बहुत मानत रहले। राधिका के सौन्दर्य-वर्णन, बिहारी बिहारी बाबू रामबिहारी सहाय के काव्य के प्रतिमान के परिचायक बाटे:-

"खासे खसखाने में विरचित सुरंग सेज
आभा बिकास दीप दिनकर ते दौगुनी
सोभा है अपार रूप राधिका बखानै कौन
गिरिजा ते गिरा रूप रम्भा ते सौगुनी"
राम का हाथे शिव-धनुष-भंजन के इहो
वर्णन देखे लायक बा।

"तरके वाराह दन्त अरके दिगन्ती रद
पचकी गति कूओं की कमंठ पी दरके
बरके सुमेरु मेरु, धरके दिल देवन के
फरके फनीस, तेज ढरके नाग करके
कहत 'बिहारी' कवि खरके भूप देसन के
आसन सिंहासन पाक सासन के लरके
करके सरासन भाग भरके गजेन्द्र वीर
सरके सान सूरों के हरके बैल हर के"

एही वंश के एगो आउर कवि ब्रह्मदेव नारायण 'ब्रह्म' जी बाबू रामबिहारी सहाय के समकालीन रहले ब्रह्म जी भोजपुरी आ हिन्दी के सशक्त आ लोकप्रिय कवि रहले। ई दार्शनिक योगाभ्यासी आ संगीतज्ञो रहले। पड़ोस के गाँव आमी के प्रतिष्ठित अम्बिका भवानी का स्तुति में रचल इनकर गीत बहुत प्रसिद्ध आ लोकप्रिय भइल, आ लोककंठ में सुरक्षित रहल; बाकिर ओकर लिखित पाठ आज सुलभ नइखे।

बाबू रामबिहारी सहाय के ही समकालीन एह वंश के एगो दोसर कवि रहले बाबू रामदीन सहाय। ई ब्रजभाषा आ हिन्दी में काव्य-रचना करत रहले। इनका कवितन के एगो संकलन छपलो रहे, बाकिर अब ऊ मिलत नइखे।

ठाकुर मनियार सिंह के तिसरकू बेटा आ बाबू रघुवीर नारायण के पिता बाबू जयदेव सहाय छपरा में वकालत करत रहले आ उनकर वकालत खूब चलत रहे। एह से उनका समय के अभाव रहत रहे। बाकिर एकरा बावजूद ऊहो कविता करत रहले आ संगीत के साधना करत रहले। सितार उनकर प्रिय वाद्य रहे आ ऊ अक्सरे साँझ का बेरा सितार बजावस। ई धार्मिक प्रवृत्ति के रहले आ सुदामा चरित आउर माँ

.....शेष पृष्ठ 9 पर

www.bhojpurisahityangan.com

प्रेम के कवि : रघुवीर नारायण

□ नगेन्द्र प्रसाद सिंह

रघुवीर नारायण अपना मातृभाषा भोजपुरी के अमर कवि होखे का साथ-साथ अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू आ फारसी में भी उच्च कोटि के कविता लिखलन, जवना के रचना-शिल्प के यष्टि (structure) भोजपुरी लोकगीतन के लय, सुर आ तान का निअरा रहे। रघुवीर नारायण के सउँसे रचनावली के निअरा से देखला का बाद दृढ़ता से कहल जा सकेला कि उहाँ का 'प्रेम के कवि' (a poet of love) रहलीं हँ। एही के कुछ लोग रोमांटिक, मिस्टिक, देश-भक्ति, आध्यात्मिक आदि नाँवो देला; बाकिर 'प्रेम' के नगिचा के संबंध श्रृंगार से होला। एकर प्रारंभिक सोपान बेला-व्यक्तिगत मानव प्रेम, जवना में संयोग आ वियोग होला, लालसा आ दर्द होला, उल्लास आ निराशा होला, संघर्ष आ पश्चाताप होला। रघुवीर नारायण कीट्स का तरह अपना प्रेयसी पर कविता गीत लिखलन कि ना, कालिदास का तरह मेघ से सनेस भेजवलन कि ना एकर कवनों प्रामाणिक उदाहरण नइखे मिलत; बाकिर बय:संधि काल (13 से 19 बरिस उमिर) के रचना 'ए टेल ऑफ बिहार' (प्रकाशन सन् 1905 ई०) में वर्णित काव्य-कथा के केन्द्र में एगो बिहारी बालिका बिआ, जेकरा सुघराई पर मोहित हो के एगो राजपूत राजा आक्रमण करत बा आ आकरा बाय के युद्ध में हरा के ओह सुघर कन्या से बिआह रचावत बा । मनोविश्लेषणवादी समीक्षक यह कथा-चयन का पाछा कवि के दमित वासना मानस या टी० एस० इलियट के जोरदार अनुभूति (powerful feelings), त एह पर एतराज ना कइल जा सके- ई अलग बात बा कि रघुवीर नारायण जी के व्यक्तिगत जीवन के कवनों दस्तावेज आ साथी-संगी से प्रामाणिक जानकारी उपलब्ध ना रहला से अन्त:साक्ष्य पर भरोसा कइला का अलावे कवनों विकल्प तत्काल बँचल नइखे। उनका 'प्रेम के कवि' भईला के इत्तफाक नां मानल जा सके काहे कि उनकर दोसर रचना 'सीता हरण (अंग्रेजी) आ' तिसर रचना 'वे-साइड ब्लॉसम' (प्रकाशन, सन् 1929 ई०) उनका जिनगी के ओही काल के रचना हँ 'सीता-हरण' त नारी के पावे के संघर्ष-कथा बा, त 'वे-साइड ब्लॉसम' में प्रकृति का सुरम्य गोदी में विकसित होत मानवीय सौन्दर्य के विविध स्थितियन आ परिवेशन में छिटफुट कवितन के संकलन। प्रेम के पीड़ा के दैहिक आ मानसिक स्तर गहराई से भोगला का कारण एकर निराशावादी प्रभाव 22 बरिस के युवक के हृदय पर पड़ल बा, तबे नूँ सन् 1905-6 ई० में हृदय-रोग के झटका इहाँ के सहे के पड़ल, आ ऊ इहाँ के यशस्वी छात्र-जीवन के ले डूबल।

व्यक्तिगत प्रेम (संयोग आ वियोग) के उमिर होला, ओकरा बाद ओकर सरूप बदल जाता। जवानी में प्रेम के कवि सामान्यत:श्रृंगार-प्रधान वीर-रस के रचना करेला आ ज्यादातर ओकर प्रेमास्पद ओकर देश, राष्ट्र, जाति (Race) आ प्रकृति के सौन्दर्य बन जाला- ई अलग बात बा कि कवि बलपूर्वक अपना व्यक्तिगत प्रेम-भावना के कुछ लमरा के वय:संधि के पार जवानी का अन्त ले नाहके खींच ले जालन आ हरमेसा अपने के होहरावत रहेलन, बसिया बाँचल के गरमा-गरमा के जेंवत-जेंवावत रहलन। रघुवीर नारायण के व्यक्तिगत प्रेम 'राष्ट्रीय प्रेम के विस्तार' पा गइल। सन् 1905 ई०, से ही उहाँ के अंग्रेजी में लिखल कथाश्रृंखला 'फॉक टेल्स ऑफ बिहार' के नियमित प्रकाशन काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पत्रिका में होखे लागल आ बौद्ध स्थान लखमाला ('आभा') में वैशाली का विषय में अंग्रेजी में 'वैशाली' के इतिहास, 'श्वेतपुर मोनास्ट्री', दी रोप एट सारनाथ', 'हिस्ट्री ऑफ सारन', हिस्ट्री ऑफ मुजफ्फरपुर', 'केंडर एण्ड विकमशीला' आदि निबंध कलकता आदि विभिन्न स्थानन से प्रकाशित भइले सँ । ई सभ रघुवीर नारायण के राष्ट्र-प्रेम के टुकी-टुकी जुड़ाव के प्रसंग रहलें सँ । कुछ आगे बढ़ला पर कवि के राष्ट्र-प्रेम के सोगहग स्वरूप लउकल आ ऊ सन् 1911-12 ई० (27-28 बरिस के उमिर) में राष्ट्र-प्रेम के एगो सोगहग रचना 'बटोहिया' अपना मातृभाषा में उरेहलस, जवना में मातृभूमि भारत के सोगहग, सुघर आ उदात्त भौगोलिक सरूपे ना निखरल, बलुक भारत के सउँसे संस्कृति, इतिहास, निवासी, पशु-पक्षी, रीति-रिवाज, धर्म-दर्शन, भौतिक-आध्यात्मिक सम्पदा भी प्रभावी ढंग से मुखर भइल। अँग्रेजन से बढ़िया अंग्रेजी लिखे वाला कवि अपना राष्ट्रीय गीत बन गइल 'बटोहिया' के अपना मातृभाषा भोजपुरी में लिखे के जे संकल्प कइल, ओकरा पाछा ओकरा में राष्ट्रीय अस्मिता के चिन्तन के अभ्युत्थानो माने के चाहीं आ ओकर सफल सामाजिक स्वीकृति (जवन सन् 1912 ई०) के मोतीहारी में आयोजित छात्र-कांग्रेस के मंच पर स्व० गोपी बाबू के सस्वर पाठ भा आजादी के लड़ाई सन् 1912 से 1947 तक

www.bhojpurisahityangan.com

भा भारतेतर राष्ट्रन-मॉरिशस, सूरिनाम आदि-के भारत-मूल के लोगन के कंठहार बनला से प्रमाणित बा। द्विवेदीयुगीन राष्ट्रीय कविता के प्रमुख कवियन-मैथिलीशरण गुप्त, सुभद्रा कुमारी चौहान, माखन लाल चतुर्वेदी आदि सैकड़न-में रघुवीर नारायण के ई एगो राष्ट्रीय कविता उनका के पांक्तेय स्थान दिआवे में समर्थ भइल। भोजपुरी खातिर भी ई गौरव के बात बा। **'बटोहिया'** जइसन छोट आ सोगहग रचना के प्रेरणा रघुवीर नारायण जी पर अतना गहिरा पड़ल कि अंग्रेजी में एगो अउरू खण्ड-काव्य लिखलन 'दि बैटल ऑफ केरेन' (सन् 1945 ई०), जवना में अबिसिनिया आ इटली के बीच युद्ध में अँग्रेजी सेना का अंग का रूप में लड़ेवाली भारतीय सेना के नायक बनावल गइल। पूरा राष्ट्र के गौरव, बलिदान आ वीरता एह खण्डकाव्य के आत्मा बन गइल। राष्ट्र-प्रेम के अतना बड़ ऊँचाई तक पहुँचा दिहल प्रेम के कवि रघुवीर नारायण के परिवर्त्तित सामाजिक प्रेम-भावना के प्रासाद ह, जवना पर कवनों राष्ट्र के गौरव हो सकेला।

प्रेम के चरम उत्कर्ष ह-अध्यात्म। एह में मानव के व्यक्तिगत प्रेम या सामाजिक प्रेम उदात्त स्वरूप ग्रहण क लेवेला। सन् 1927 ई० से अयोध्या में मधुरोपासना के साधक रूपकला जी से रघुवीर नारायण के संपर्क भइल आ ओही समय से भक्ति आ अध्यात्म के बीज उनुका हृदय में अँकुरे लागल। अब ऊ भगवत्-चिन्तन करस, पूजा-पाठ में मन लगावस, ध्यान-आसन करस आ भाव-विभोर हो के तुलसी के विनयपत्रिका आ सूर के पद नाच-नाच के गावस। यही क्रम में उनुकर भक्ति-गीतन के आविर्भाव भइल आ किंवदंती बा कि हनुमान जी के दर्शन का बाद 'रामायण' भोजपुरी में लिखे के अन्त:प्रेरणा मिलल। भोजपुरी में उपलब्ध 'रघुवीर रस-रंग' धर्म, भगवद्भक्ति आ उपासना के भाव से भरल कवितन के संकलन बा, जवना में चार खण्ड बा :- (क) बहनादि विषयक 13 कविता (धर्म आ दर्शन पर आधृत); (ख) 'विनय मंजरी' में तुलसीदास के विनयपत्रिका आ सूरदास के पदन के समानान्तर रचना; (ग) 'गीतावली' में तुलसीदास के गीतावली आ सूर के विनय के पद के समानान्तर रचना बा आ (घ) 'संकीर्त्तन के पद' में नाम-महिमा के उजागर कइल गइल बा। एह पुस्तक के अधिसंख्य रचना भोजपुरी में बा बाकिर अउरू रचनन में भाषा-मोहो छूटत लउकत बा। ब्रजभाषा, बज्जिका आदि भी प्रचुरता से प्रयुक्त रहे। सही क्रम में जैन आ बौद्ध धर्म आ दर्शन पर भी अँग्रेजी में निबंध लिखाइल रहे। रघुवीर नारायण जी अपना जीवन के अन्तिम काल में पूरा-पूरा सधुआ गइल रहीं आ कवनों यश, मान भा सम्पति के इच्छा शेष ना रह गइल रहे। देर तक ध्यान-पूजा कइल, भाव-विभोर हो के भक्ति-संगीत गावल आ भक्ति-संबंधी रचना कइल। उहाँ के छोट साथी लोग कहेला कि उहाँ का अपना खराब स्वास्थ्य का बावजूद घंटन भक्ति-चर्चा करीं, सत्संग करीं आ आत्मानुभूति के संकेत करीं। ई प्रेम के पराकाष्ठा रहे आ आत्मा के उदात्तता। 'रघुवीर नारायण का डायरी का पन्नन में उनका एह काल के रचना आउर मिल सकेला। 'रामायण' त पूरा ना हो सकल, बाकिर ऊ एह बात के प्रमाण बा कि भोजपुरी भाषा आ लोक-छन्द में ई सामर्थ बा कि ऊ रामायण के कथा बान्ह सकेला।

एह तरह से, रघुवीर नारायण 'प्रेम के कवि' रहलन आ उनकर पूरा जीवन आ सउँसे रचना संसार प्रेम के विविध रूपन के क्रमिक विकास के दीप-स्तम्भ रही सँ। ◆

पृष्ठ 7 का शेष.....

भगवद्गीता के नित्य पाठ करत रहले। काफी उमर बढ़ गइला के बाद ऊ संस्कृत ग्रंथ 'सिद्धांत कौमुदी' के अध्ययन कइले। गजल ऊ काफी लिखले रहले, बाकिर उनकर रचना आज उपलब्ध नइखें। बाबू रघुवीर नारायण के अपना बाबूजी के फारसी कविता के दू पाँती इयाद रहे, जे ऊ अक्सर सुनावत करस-

"ब्या ऐ बागबाँ गुलशन ब्यानिं दरसोज़ जो ग़महस्तम्
यो बुलबुल नाल जन गिरियाँ बगुल जारे अलंहस्तम्"

बाबू रघुवीर नारायण के जिनिगी में अपना पिता के धार्मिकता आ साहित्य-रचना के संस्कार मिलल रहे। बहुभाषा ज्ञान के भी परंपरागत विरासत उनका मिलल रहे, आ ऊहो अनेक भाषा में रचना कइले-भोजपुरी, हिन्दी, उर्दू, ब्रजभाषा, संस्कृत आ अंग्रेजी में। जादे ऊ अंग्रेजीए में लिखले। उनकर अनेक किताब अंग्रेजी में छपल। ब्रिटेन के 'कवि आस्टिन' तकले उनका अंग्रेजी रचना आ ज्ञान के प्रशंसा कइले। बाकिर भोजपुरी के उनकर एगो रचना 'बटोहिया' उनका के जन-जन के आत्मा तक पहुँचा के उनका के अमर बना दिहलस। ऊ परम सन्त एवं श्रीसीताराम जी के अनन्य भक्त श्री रूपकला जी के शिष्य रहले आ हृदय से परम आस्तिक आ भक्त रहले। उनका डायरी से पता चलेला कि उनका भगवान के दर्शन भइल रहे। उनका धार्मिक आ साहित्यिक संस्कार उनका अपना कुल-परिवार से विरासत में मिलल रहे।

.....शेष पृष्ठ 13 पर

www.bhojpurisahityangan.com

'बटोहिया' के अमर गायक
बाबू रघुवीर नारायण

□ निशान्तकेतु

बाबू रघुवीर नारायण साहित्य और संस्कृति के उद्गाता कवि थे। द्विवेदी युग के इस यशस्वी कवि ने भाषा और लोकभाषा की चेतना एवं शब्दचैतन्य के बीच एक सफल सेतुबन्ध का दायित्व निवाहा था। 'बटोहिया' के अमर गायक के रूप में इनका नाम हिन्दी-साहित्येतिहास में सदैव ज्योतिरक्षरित रहेगा। बाबू रघुवीर नारायण का जन्म बिहार-राज्य के छपरा जिले के दहियावाँ मुहल्ले में सन् 1884 ई० के 30 अक्टूबर को हुआ था। इनका लोकान्तरण पहली जनवरी सन् 1954 ई० में सत्तर वर्ष की अवस्था में हुआ। इनका जन्म मुहर्रम के ताजिया के वक्त मध्यनिशा में हुआ और महाप्रयाण नववर्ष के हर्षोल्लास के बीच हुआ। यह श्रीवास्तव कायस्थ-कुल के सुपठित एवं प्रतिष्ठित व्यक्ति थे। इनका पूर्वज कश्मीर से आये थे।

अम्बिकादत्त व्यासजी बाबू रघुवीर नारायण के आदरणीय गुरु थे। यह पूर्वराष्ट्रपति **डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद** के साथ एक ही विद्यालय में तीन कक्षा पीछे के छात्र थे। राजेन्द्र बाबू के साथ इनकी अन्तरंगता शैशव से ही थी। स्कूल की पढ़ाई पूरी कर यह पटना कॉलेज में नामांकित हुए। अँगरेजी ऑनर्स के साथ इनके अन्य विषय थे, इतिहास, फारसी और तर्कशास्त्र। सन् 1903-4 ई० के उन दिनों पटना कॉलेज प्राचार्य थे अँगरेजन विद्वान् **डाक्टर विल्सन**। संस्कृत के विश्वप्रसिद्ध और महान् दार्शनिक **महामहोपाध्याय पण्डित रामवतार शर्मा** उन दिनों संस्कृत विभाग के प्राध्यापक थे। सन् 1905 ई० में रघुवीर बाबू ने 'ए टेल ऑव बिहार' की रचना की। उसी समय यह अध्यात्मगुरु एवं मधुरोपासक रूपकलाजी के सम्पर्क में आये। बनैली-नरेश राजाबहादुर कीर्त्यानन्द सिंह के निमन्त्रण पर इन्होंने उनके निजी सचिव का पदभार ग्रहण किया, जहाँ वे सन् 1912 से 1932 ई० तक कार्यरत रहे। अवकाश ग्रहण के बाद भी इन्हें पेंशन आजीवन मिलती रही। **हास्यरसावतार पण्डित जगन्नाथप्रसाद चतुर्वेदी** रघुवीर बाबू से मिलने प्रय: बनैली जाते रहते थे। इनके निवास को सभी साहित्यिक तीर्थस्थली कहते।

बनैली-नरेश ने बाबू रघुवीर नारायण की समर्पित सेवा से प्रभावित तथा इनकी प्रतिभा से पुलकित होकर पुरस्कार-स्वरूप इन्हें पाँच सौ बीघा भूमि दान की थी। रघवीर बाबू ने बनैली-नरेश-वंशधर कुमार कृष्णानन्द सिंह को यह समस्त भूमि स्वेच्छा से लौटा दी।

रघुवीर नारायण अंगरेजी, हिन्दी, बँगला, संस्कृत, फारसी और भोजपुरी के अधिगत विद्वान् थे। इन्होंने इन छहों भाषाओं में साहित्य-सर्जना की है। इनमें अँगरेजी, हिन्दी और भोजपुरी की रचनाएँ अधिक है। सबसे अधिक रचनाएँ अँगरेजी में हैं। इनके भाषाधिकार की सर्वत्र प्रशंसा हुई है। रघुवीर नारायण की अँगरेजी कृतियाँ है : 'ए टेल ऑव बिहार', 'वे साइड ब्लजम', 'सीताहरण', द व्हील ऑव टाइम', 'चम्पा' (खण्ड काव्य) 'द रोज ऑव द वाइल्ड' तथा 'द बैट्ल ऑव केरेन'।

हिन्दी में इनकी दो ही पुस्तके प्रकाशित हैं: 'रघुवीर रसरंग' और 'रघुवीर पत्रपुष्प'। 'रम्भा' इनका अप्रकाशित खण्डकाव्य है। ग्यारह जीवनियों का एक संग्रह तथा आत्मकथा भी अप्रकाशित है। इनके अतिरिक्त इनकी शताधिक कविताएँ और निबन्ध विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित, किन्तु असंगृहीत पड़े हैं।

रघुवीर बाबू बंगला भाषा के जानकार ही नहीं, लेखक भी थे। उन्होंने वेदो एवं उपनिषदों के कुछ अंशो का बंगला में अनुवाद भी किया था। सन् 1953 ई० में बिहार-राष्ट्रभाषा परिषद् ने रघुवीर बाबू को पन्द्रह सौ रुपये का वयोवृद्ध साहित्यिक सम्मान-पुरस्कार तो दिया, किन्तु इस बिहार-विभूति की ग्रंथावली को प्रकाशित करने की योजना नहीं बन पाई।

सन् 1906 ई० में 16 जनवरी को लिखे अपने पत्र में इंगलैण्ड के राष्ट्रकवि (पोएट लारिएट) अल्फ्रेड ऑस्टीन ने यह स्वीकार किया था कि बाबू रघुवीर नारायण का अँगरेजी भाषाधिकार तत्कालीन अँगरेज-कवियो से भी अच्छा है। भारत में अँगरेजी पर प्राजंल-प्रबल भाषाधिकार रखनेवाले विद्वानों की सूची बन रही है। इनमें उल्लेखनीय नाम हैं: माइकेल मधुसूदन दत्त, रवीन्द्रनाथ टैगोर, विवेकानन्द, महर्षि अरविन्द, महात्मा गाँधी, जवाहरलाल नेहरू, तोरूलता, सरोजनी नायडू इत्यादि। इस विवरणी में बाबू रघुवीर नारायण का नाम सादर

www.bhojpurisahityangan.com

सम्मिलित हो रहा है।

बाबू रघुवीर नारायण को 'बटोहिया' गीत के माध्यम से सर्वाधिक यश मिला। लोकधुन पर आधारित भोजपुरी का यह गीत राष्ट्रगीत बन गया। राष्ट्रगीत की परम्परा पढ़ जो अनुसंधान और सर्वेक्षण हुए है, उनके आधार पर चार गीतो को सर्वोच्च प्रतिष्ठा है। वे हैं वन्दे मातरम्: बंकिमचन्द्र चटर्जी (सन् 1882 ईसवी), तराना-ए-हिन्द (सारे जहाँ से अच्छा.. .....): डॉ० इकबाल (सन् 1905 ई०), बटोहिया : बाबू रघुवीर नारायण (सन् 1911 ईसवी) और जनगणमन-अधिनायक : रवीन्द्रनाथ टैगोर (सन् 1912 ईसवी)।

असहयोग आन्दोलन के समय भागलपुर में महात्मा गाँधी को 'बटोहिया' गीत सुनाया गया था। सुनकर वह भावविह्वल हुए थे। **महामहोपाध्याय पण्डित रामावतार शर्मा**, पूर्वराष्ट्रपति **डॉ० राजेन्द्र प्रसाद, सर यदुनाथ सरकार**, हास्यरसावतार **पंडित जगन्नाथप्रसाद चतुर्वेदी** और **आचार्य शिवपूजन सहाय** कविमुख से बार-बार 'बटोहिया' सुनते थे। मॉरिशस और अफ्रिका में 'बटोहिया' का प्रचार था। **भवानीदयाल संन्यासी** को अफ्रिका में यह गीत सुनाया गया था। 'बटोहिया' भोजपुरी का वन्दे मातरम् है, ऐसा **आचार्य शिवपूजन सहाय** कहा करते थे। सन् 1916 ईसवी में तत्कालीन लोकप्रिय पत्रिका 'लक्ष्मी' के अगस्त अंक में टिप्पणी छपी थी: रघुवीर बाबू की 'बटोहिया' कविता का प्रचार बिहार के घर-घर में हैं। यहाँ की स्त्रियाँ इसे जाँता पीसते समय बड़े प्रेम से गाती है। शहर और देहात के अपढ़ लड़के इसे गली-गली गाते फिरते है। पढ़े-लिखों का कहना ही क्या है। यदि एक ही गीत लिखकर बाबू रघुवीर नारायण अपनी प्रतिभाशालिनी लेखनी को रख देते, तो भी उनका नाम अजर और अमर बना रहता।'

'पाटलिपुत्र' नामक पत्र में 16 सितम्बर (1917 ईसवी) के अंक में लिखा गया : 'श्रीभारतभवानी' और 'बटोहिया' शीर्षक कविता ने रघुवीर बाबू के यश को अचल-अटल बना दिया है। ये कविताएँ जैसी गँवारों को प्रिय है, वैसी ही, वरन् उससे भी कहीं बढ़कर शिक्षितों को हृदयग्राहिणी है।''

पण्डित ईश्वरीप्रसाद शर्मा ने 'रघुवीर पत्रपुष्प' की समीक्षा करते हुए 'बटोहिया' के सम्बन्ध में में लिखा है: 'बटोहिया बिहार का जातीय संगीत है। वह इस प्रान्त में घर-घर में उतना ही प्रसिद्ध है, जितना बंगाल में बंकिम बाबू का 'वन्दे मातरम्।' हजारों बार सार्वजनिक सभाओं में यह कविता पढ़ी जा चुकी है और भिन्न-भिन्न सामायिक पत्रों में सादर उद्धृत हुई है। असहयोग के प्रबल आन्दोलन के समय इसी कविता के वजन पर बहुत से मौसमी कवियों ने प्रान्तिक बोली में कविताएँ लिख-लिखकर नाम और दाम दोनों कमाये। पर मौसम खतम होते ही, वे सब कविताएँ रद्दी की टोकरी में चली गईं, पर 'बटोहिया' आजतक इसी आसन पर विराजमान है। प्रान्तिक बोली में होते हुए भी उसका महत्त्व कुछ कम नही हुआ है।'

राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' ने लिखा है (बिहार की साहित्यिक प्रगति): 'स्वर्गीय **बाबू रघुवीर नारायण** के लिए क्या कहा जाए। बिहार में वे राष्ट्रीयता के आदिचारण और जागरण के अग्रदूत थे। पूर्वी भारत के हृदय में राष्ट्रीयता की जो भावना मचल रही थी, वह पहले-पहल उन्हीं के 'बटोहिया' नामक पूर्वी गीत में फूटी और इस तरह फूटी कि एक उसी गीत ने उन्हें अमरों की पंक्ति में पहुँचा दिया।

यशोधन भाषाविज्ञानी डॉक्टर **उदयनारायण तिवारी** ने 'भोजपुरी-भाषा और साहित्य' नामक अपने ग्रंथ में मूल्यांकन करते हुए लिखा है : 'इस गीत में अखण्ड भारत का मनोरम चित्र खींचा गया है। इसमें एक ओर भारतीय एकता को अक्षुण्ण रखनेवाले पर्वतराज हिमालय, गंगा, यमुना तथा शोणभद्र इत्यादि के प्राकृतिक दृश्यों का चित्रण है, तो दूसरी ओर नानक, कबीर, शंकराचार्य तथा परमहंस रामकृष्ण की अमरवाणी की चर्चा है। इसे यदि भोजपुरी प्रदेश का राष्ट्रगीत कहा जाय, तो इसमें अत्युक्ति न होगी।' सन् 1912 ईसवी में **मैथिलीशरण गुप्त** की 'भारत-भारती' रचना प्रकाशित हुई थी। **रवीन्द्रनाथ टैगोर** का 'जनगण-मन' गीत भी इसी वर्ष का है। 'बटोहिया' की रचना इसके पूर्व सन् 1911 ईसवी की है। परवर्ती काल में बटोहिया के अनुकरण, तर्ज और धुन पर रचनाएँ प्रकाश में आईं। जैसे: 'बेटी बेचवा', 'वोकीलवा', 'मोख्तरवा', 'पुतोहिया', 'बिदेसिया' इत्यादि। **प्रिंसिपल मनोरंजन प्रसाद** ने 'फिरंगिया' की रचना की। यह गीत तत्कालीन अँगरेजी हुकूमत द्वारा जब्त कर लिया गया था।

बाबू रघुवीर नारायण का नामोल्लेख सबसे पहले बँगला-साहित्येतिहास में **नरेन्द्रनाथ सोम** ने 'मधुस्मृति' में किया था। फिर हिन्दी-साहित्येतिहास में पहला मूल्यांकनपरक उल्लेख **आचार्य नलिन विलोचन शर्मा** ने 'प्रोग्रेस ऑव बिहार थ्रू द एजेज' ग्रन्थ में किया है। अब भी बाबू रघुवीर नारायण का अपेक्षित और यथोचित मूल्यांकन शेष है। साहित्यिक संवेदना तथा अभिव्यंजना-सामर्थ्य के साथ रघुवीर बाबू एक आत्मोपलब्ध साधक, लोकबद्ध चिन्तक और परिवारमूलीय कमनीय व्यक्ति थे। ◆

www.bhojpuriyangan.com

बाबू रघुवीर नारायण और 'बटोहिया'

विश्वनाथ सिंह 'अधिवक्ता'

बाबू रघुवीर नारायण 20वीं शती के प्रथम चरण के बहुचर्चित कवि थे, जिनकी विशुद्ध राष्ट्रीय और भक्तिपरक रचनाओं ने पूर्वी भारत में जागरण की अपूर्व लहर पैदा कर दी थी। वह आधुनिक बिहार के पहले कवि और इस प्रान्त के एकमात्र अंग्रेजी कवि के रूप में समादृत हुए। वे साहित्य और संस्कृति के उद्गाता कवि थे।

बाबू रघुवीर नारायण का जन्म बिहार प्रान्त के सारण जिले के सोनपुर प्रखंड स्थित नया गांव नामक स्थान में सन् 1884 में 30 अक्टूबर को हुआ था। सन् 1905 ई० में उन्होंने 'ए टेल ऑफ बिहार' की रचना की। वे अंग्रेजी, हिन्दी, बंगला, संस्कृत, फारसी और भोजपुरी के अधिगत विद्वान थे।

बाबू रघुवीर नारायण को 'बटोहिया' गीत के माध्यम से सर्वाधिक लोकप्रियता मिली। लोक धुन पर आधारित भोजपुरी का यह गीत राष्ट्रगीत बन गया। असहयोग आंदोलन के समय भागलपुर में महात्मा गांधी को 'बटोहिया' गीत सुनाया गया था:-

सुन्दर सुभूमि भैया भारत के देसवा से,
मोरे प्रान बसे हिम खोह रे बटोहिया।
एक द्वार घेरे राम हिम कोतवलवा से,
तीन द्वार सिन्धु घहरावे रे बटोहिया॥
जाऊ जाऊ भैया रे बटोही हिन्द देखि आऊ,
जहवां कुहुकि कोइली बोले रे बटोहिया।
पवन सुगन्ध मन्द अगर गगनवां से,
कामिनी विरह राग गावे रे बटोहिया॥

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सोनपुर आगमन पर जब 'बटोहिया' गीत सुनाया गया था तब वह भाव विह्वल हो गये थे। 'बटोहिया' सचमुच में भोजपुरी का बंदेमातरम् है। 'बटोहिया' गीत बिहार के घर-घर में पैठ जमा ली है। यहाँ कि महिलाएँ आज भी जांता पीसते समय, खेतों में रोपनी करते समय, कटनी-सोहनी करते समय, सूप में अनाज चुनते समय, 'बटोहिया' गीत गाती हैं और अपनी थकान मिटाती हैं। वह गाती हैं:-

विपिन अगम घन सघन बगन बीच,
चम्पक कुसुम रंग देवे रे बटोहिया।
द्रुम वट पीपल कदम्ब अम्ब नीम वृक्ष,
केतकी गुलाब फूल फूले रे बटोहिया॥
तोता तूती बोले राम बोले भेंगरेजवा से,
पपिहा के पी पी जिया साले रे बटोहिया।
सुन्दर सुभूमि भैया भारत के देसवा से,
मोरे प्रान बसे गंगा धारे रे बटोहिया॥

'पाटलिपुत्र' नामक पत्र में 16 सितम्बर (1917 ईसवी) के अंक में लिखा गया- भारत भवानी'' और ''बटोहिया'' शीर्षक कविता ने रघुवीर बाबू के यश को अचल-अटल बना दिया है। ये कविताएँ जैसी गंवारों को प्रिय है वैसी ही, वरन् उससे भी कहीं बढ़कर शिक्षितों को हृदयग्राहिणी है''। तभी तो सोनपुर क्षेत्र की नारियां गाती हैं-

गंगा रे जमुनवां के झममग पनियां से,
सरजू झमकि लहरावे रे बटोहिया।
ब्रह्मपुत्र पंचनद घहरत निसि दिन,
सोनभद्र मीठे स्वर गावे रे बटोहिया॥
अपर अनेक नदी उमड़ी घुमड़ी नाचे,
जगन के जदुआ समावे रे बटोहिया।
आगरा प्रयाग काशी दिल्ली कलकतवा से,
मोरे प्रान बसे सरजू तीरे रे बटोहिया॥

बाबू रघुवीर नारायण ने भारतवर्ष का जो सर्वांगीण चित्र 'बटोहिया' में उपस्थित किया है, उसमें हमारे देश की प्राकृतिक सुषमा के साथ इसकी आत्मा और आध्यात्मिकता का भी समावेश भी है। 'बटोहिया' में भारत की जिस प्रकृति और भौगोलिक सीमा के जिस सौंदर्य तथा उदारता का वर्णन किया गया है, वह हमें कालिदास के 'मेघदूत' का स्मरण दिलाता है।

जाऊ जाऊ भैया रे बटोही हिन्द देखि आऊ,
जहां ऋषि चारो वेद गावे रे बटोहिया।
सीता के विमल जस राम जस कृष्ण जस,
मोरे बाप दादा के कहानी रे बटोहिया॥
व्यास बाल्मीकि ऋषि गौतम कपिल देव,
सुतल अमर के जगावे रे बटोहिया।
रामानुज रामानन्द न्यारी प्यारी रूपकला,
ब्रह्म सुख वन के भंवर रे बटोहिया॥

बाबू रघुवीर नारायण के काव्यों की बौद्धिक एवं काव्यगत विशेषताओं के सूक्ष्म निरीक्षण से यह ज्ञात होता है कि ये एक प्रयोगधर्मी कवि थे। 1911 ई० में रघुवीर नारायण द्वारा 'बटोहिया' की रचना की गयी थी। हिन्दी-कविता के क्षेत्र में भारतेन्दु और द्विवेदी-युग के संधिस्थल पर खड़े रघुवीर

www.bhojpurisahityangan.com

नारायण सन् 1901 ई० से 1925 ई० तक इस प्रान्त के सर्वाधिक चर्चित और लोकप्रिय कवि रहे। बटोहिया में उन्होंने कहा है-

नानक कबीर गौरीशंकर श्री रामकृष्ण,
अलख के गतिया बतावे रे बटोहिया।
विद्यापति, कालिदास, सूरजयदेव कवि,
तुलसी के सरल कहानी रे बटोहिया।
सुन्दर सुभूमि भैया भारत के देसवा से,
मोरे प्रान बसे हिम खोह रे बटोहिया।
जाऊ जाऊ भैया रे बटोही हिन्द देखि आऊ,
जहां सुख झूले धान खेत रे बटोहिया॥

भारत ऋषियों की भूमि है, जहां वैदिक मंत्रों के उच्चारण से दिगदिगंत परिव्याप्त रहा है। आज भी यहां सीता की विमल कीर्ति लहरा रही है। हमारे पूर्वज राम-कृष्ण जैसे ईश्वरीय सत्ता वाले पुरुष यहीं अवतरित हुए थे। शंकर, नानक, कबीर इसी भूमि पर अवतरित हुए थे। भारत में कालिदास, जयदेव, सूर, तुलसी और विद्यापति जैसे महाकवि हुए जिनकी कीर्ति-पताका न केवल संपूर्ण भारत में, अपितु विदेशों में भी लहरा रही है। बुद्ध जैसे ज्ञानी, शिवाजी जैसे रणबांकुड़े की भूमि भारत ही है जिन पर भारत को आज भी गर्व है और जिनकी याद भुलाये नहीं भूलती-

बुद्धदेव पृथु वीर अरजुन शिवाजी के,
फिरिफिरि हिय सुधि आवे रे बटोहिया।
अमर प्रदेश देस सुभग सुधर बेस,
मोरे हिन्द जग के निचोरे रे बटोहिया॥
सुन्दर सुभूमि भैया भारत के भूमि जेहिं,
जन "रघुवीर" सिर नावे रे बटोहिया॥

इस बटोहिया के रचयिता रघुवीर नारायणी के पिता श्री जयदेव नारायण, छपरा के एक प्रमुख वकील थे। रघुवीर नारायण की स्कूली शिक्षा छपरा जिला स्कूल में संपन्न हुई। देशरत्न डा० राजेन्द्र प्रसाद जैसे सहपाठियों के सान्निध्य में उनके साहित्यिक चिन्तन को विस्तार मिला। ऐसे कहा जाता है कि इनके पूर्वज कश्मीर से आये थे और बादशाह अकबर के समय से ही साहित्य-साधना में लीन थे।

इस प्रकार उन्हें साहित्यिक संस्कार अपने पूर्वजों की विरासत के रूप में ही मिला था। उनके पूर्वजों में हिन्दी और फारसी के अनेक कवि हो चुके हैं जिनमें कीर्तिनारायण सिंह, भूपनारायण सिंह, पहलवान सिंह, मनिआर सिंह, कृपानारायण सिंह और बाबू रामबिहारी सहाय प्रमुख थे।

राष्ट्रीय चेतना जागृत करने वाले प्रखर कवि बाबू रघुवीर नारायण का देहान्त 1 जनवरी, वर्ष 1954 ई० को हो गया। आज वे नहीं हैं लेकिन एक लोकबद्धचिंतक जागरण के अग्रदूत तथा 'बटोहिया' के अमर कवि के रूप में सर्वदा स्मरण किए जाएगें। ◆

पृष्ठ 9 का शेष.....

बाबू रघवीर नारायण के कनिष्ठ पुत्र कविवर हरेन्द्रदेव नारायण के कवि-प्रतिभा अनूठा रहे। हिन्दी साहित्य के उत्तर छायावाद काल के ऊ एगो अत्यन्त उल्लेखनीय कवि रहले। उनकर अध्ययन आ चिंतन के क्षेत्र विशाल रहे। खासकरके अंग्रेजी के उनकर अध्ययन बहुत गहिर रहे। एगो जमाना रहे, जब उनकर हिन्दी गीत 'बाँसुरी' के तूती बोलत रहे। आगे चलके ऊ भोजपुरी के प्रथम महाकाव्य 'कुँअरसिंह' के रचना कइले।

कविवर हरेन्द्रदेव नारायण के पत्नी आ बाबू रघुवीरनारायण के पतोह श्रीमती प्रकाशवती नारायण के चर्चा अगर जो ना कहल जाय त रघुवीर बाबू के कुल-परिवार के ई इतिवृत्त अधुरा रह जाई। प्रकाशवती जी अपना गीत-रचना से हिन्दी कविता के समृद्ध कइले बाड़ी। उपन्यास आ कहानी का विधा में उनकर लेखन उल्लेखनीय रहल बा। रघुवीर बाबू के एह यशस्वी कुल के सदस्य होके ऊ अपना के अपना रचनाशीलता से एह कुल के उपयुक्त कुलवधू साबित कइले बाड़ी।

बाबू रघुवीर नारायण के पोता (उनका ज्येष्ठ पुत्र वीरेन्द्रदेव नारायण के सुपुत्र) श्री अवधेन्द्रदेव नारायण आ श्री सीतेन्द्रदेव नारायण एह यशस्वी कुल के यशस्वी कुलदीपक बाड़े। अवधेन्द्र जी अपना गीत-रचना से हिन्दी आ भोजपुरी के समृद्ध कइले बाड़े। उनका हिन्दी गीतन के पुस्तकाकार संग्रह प्रकाशित बा। भोजपुरी में भी ऊ निरन्तर रचना करत रहल बाड़े। सीतेन्द्रजी हिन्दी कविता में नवलेखन से जुड़ल रहल बाड़े। उनकर कविता पिछला चार दशक से हिन्दी आ पत्रिकन के शोभा बढ़ावत रहल बा।

अवधेन्द्रदेव नारायण आ सीतेन्द्रदेव नारायण ई दूनू भाई एह यशस्वी कुल के साहित्यिक यात्रा जारी राखे वाली गाड़ी के दूगो पहिया बाड़े आ एह कुल के साहित्य, सृजन-यात्रा आजो जारी बा।

◆

www.bhojpurisahityangan.com

'बटोहिया' के गायक अमर कवि बाबू रघुवीर नारायण

प्रताप नारायण

हिन्दी-कविता के क्षेत्र में मध्य और आधुनिक युग के सन्धिस्थल पर खड़े बाबू रघुवीर नारायण सन् 1901 से 1925 ई० तक इस प्रान्त के सर्वाधिक चर्चित और लोकप्रिय कवि रहे। विशेषकर अँगरेजी कविताओं के क्षेत्र में, बिहार के अँगरेजी भाषा के एकमात्र कवि के रूप में रघुवीर नारायण का स्मरण सदैव किया जाता रहेगा। बंगाली आलोचकों ने मधुसूदन दत्त पर लिखित प्रत्येक आलोचना ग्रन्थ में मधुसूदन दत्त की तुलना बिहार के तरुण कवि रघुवीर नारायण से की है।

बाबू रघुवीर नारायण का जन्म सारन जिले के दहियावाँ गाँव में सन् 1884 ई० के 30 अक्तूबर, को एक प्रतिष्ठित कायस्थ-परिवार में हुआ था। उनके पूर्वज कश्मीर से आये थे और बादशाह अकबर के समय से ही साहित्य-साधना में लीन थे। इस प्रकार साहित्यिक संस्कार उनको पूर्वजों से विरासत में ही मिला था और 'सत्संगति महिमा नही गोई' वाली उक्ति के अनुसार अपने युग के वरेण्य साहित्यकारों, मनीषियों और विद्वानों के सान्निध्य में भी उनकी काव्य-प्रतिभा एक नहीं, अनेक भाषाओं में फूट पड़ी।

बाबू रघुवीर नारायण की स्कूली शिक्षा छपरा जिला स्कूल में सम्पन्न हुई। देशरत्न डा० राजेन्द्र प्रसाद उसी स्कूल के मेधावी छात्र थे और उनसे दो साल पीछे थे। उसी विद्यालय में पं० अम्बिकादत्तजी व्यास जैसे महाप्राज्ञ को शिक्षक के रूप में पाकर रघुवीर नारायण को एक अपूर्व मानसिक विस्तार मिला। श्रीव्यासजी जैसे महान् साहित्य-साधक ने उनकी अन्तश्चेतना में साहित्य-साधना की ललक उत्पन्न की। साहित्य-साधना में प्रवृत्त होने के तुरत बाद सन् 1897 ई० के लगभग उनका परिचय महामहोपाध्याय पं० रामावतार शर्माजी से हुआ। इससे भी उनके साहित्यिक व्यक्तित्व का चतुर्मुखी विकास हुआ।

पटना कॉलेज में अध्ययन करते समय अँगरेजी के तत्कालीन प्रोफेसर जेम्स ने रघुवीर बाबू को अँगरेजी में कविताएँ करने की प्रेरणा दी। फलस्वरूप, सन् 1905 ई० में उनकी 'ए टेल आफ बिहार' नामक अँगरेजी में कविता-पुस्तक प्रकाशित हुई, जिसे अंगरेजी विद्वानों ने काफी पसन्द किया। उनकी अँगरेजी की अन्य सफल कृतियों में 'वे साइड ब्लासम्स', 'सीताहरण', 'द विक्टर्स रिटर्न', 'चम्पा', 'द रोज ऑफ द चाइल्ड', 'द बेटल आफ करेन', और 'द व्हील ऑफ टाइम' काफी प्रसिद्ध हुई। इनमें से अन्तिम चार कृतियाँ अब भी अप्रकाशित हैं।

इसके अन्तर डा० एनी बेसेण्ट की प्रेरणा से अँगरेजी पद्य में 'फोक टेल्स आफ [illegible] लिखा गया, जिसमें लोकगाथाओं के माध्यम से बि[illegible] सांस्कृतिक गौरव का चित्र उभारा गया है। 'ए टेल आफ बिहार' की अँगरेजी-कविताओं पर इंगलैन्ड के तत्कालीन राजकवि आल्फ्रेड ऑस्टिन ने रघुवीर बाबू को अपने 16 जनवरी, 1906 ई० के पत्र द्वारा बधाई का सन्देश भेजा था। उनकी अँगरेजी-कविताओं की प्रशंसा करते हुए बिहार के प्रशासक सर एडवर्ड गेट ने भी बधाई-सन्देश भेजा था, जिसका विवरण 24 नवम्बर, सन् 1920 ई० के सर्चलाईट' (दैनिक) में छपा था।

पत्रकारिता में भी सारन पीछे नइखे रहल। पहिलका दौड़ में डॉ० राजेन्द्र प्रसाद जी, ब्रजकिशोर बाबू आ मुरली बाबू "सर्चलाइट" के सेवा कइनी। मौलाना मजहरुल हक साहेब 'मदर लैन्ड' निकाल के सारन के माथा ऊँचा कइनी। पं० कार्तिक चरण मुखोपाध्याय जी "सारन समाचार" निकलनी। पत्रकारिता का क्षेत्र में बाबू रजावल्लभ सहाय (आज), सीताराम सिंह (आर्यावर्त्त) आ विश्वनाथ सिंह (आर्यावर्त्त) के बहुते नाम भइल। शिवचंद्र शर्मा जी "अछूत" के अउरी आचार्य नलिन विलोचन शर्मा जी "दृष्टिकोण" के संपादन कइनी। पत्रन के यशस्वी संवाददाता के रूप में पं० विश्वनाथ मिश्र (इंडियन नेशन), श्री राधेश्याम सिंह (इंडियननेशन), श्री जगदीश्वरी शरण जी (सर्चलाइट), श्री धीरेन चंद्र सिन्हा (युगांतर आ अमृत बाजार पत्रिका), सतीशचंद्र शर्मा (आज) काफी नाम कमइनी। जगदम महाविद्यालय के प्राचार्य स्व० सुशील कुमार सिंह आर्यावर्त्त आ इण्डियननेशन के संवाददाता का रूप में आपन एगो अलग पहचान बनवले रहीं। श्री शिवजी राव आयदे के बहुआयामी व्यक्तित्व खाली पी.टी. आई. का संवाददाता का रूप में ना सिमटल रहल। उहाँका हिंदु-मुस्लिम एकता के अलख जगावे खातिर 'सेक्यूलर रिपब्लिक' के प्रकाशन भी कइनी। श्री अक्षयवट नाथ तिवारी (हिन्दुस्तान समाचार), श्री केदार नाथ अग्रवाल (आज अउरी आकाशवाणी), पाण्डेय रामेश्वरी प्रसाद (इंडियननेशन) का संवाददाता का रूप में काफी यश अरजले बानीं। श्री शत्रुघ्न तिवारी, पृथ्वीनाथ तिवारी (सारन संदेश), श्री मुरलीधर पांडेय (यात्री), श्री हरिशंकर उपाध्याय (अधिकार), बाबू ईश्वर शरण (शिक्षक), कुमार कालिका सिंह (आदर्श किसान), अखौरी शिवनारायण प्रसाद (बिहार टाइम्स)का प्रकाशक आ संपादक का रूप में हमेशा चर्चित रहब। श्री सतीश्वर सहाय वर्मा श्री बच्चू पाण्डेय, डॉ० विश्वरंजन अउरी श्री विश्वनाथ प्रसाद के नाम "माटी के बोली" का संपादक का रूप में एगो इतिहास रही। सूर्यदेव पाठक 'पराग' के "बिगुल" साँचहूँ बाज रहल बा। भोजपुरी के बाल पत्रिका 'नौनिहाल' संपादक : अर्द्धेन्दु भूषण) अपना आप में एगो मिसाल बा। प्राचार्य सुशील कुमार सिंह, प्रो० ए. के. वर्मा, डॉ० त्रिभुवन नारायण सिंह, सरयू शास्त्री जइसन सम्मानित पत्रकार क्रमशः इण्डियन नेशन, यू. एन. आइ, प्रदीप आ आर्यावर्त्त के बहुते सेवा कइल। श्री मुजफ्फर हुसेन, सुरेन्द्र प्रसाद चौरसिया जइसन नयका पत्रकार लोगन से लमहर आसा बा।

महाबली सूचित सिंह, रुस्तमें हिन्द वंशी सिंह आ हाजी अदालत जइसन पहलवानन के जनमभुइँया खेलकूद में भी पाछे नइखे रहल। 1929 से एकर सफल परंपरा बा। ओह घड़ी फूटबॉल काफी प्रचलित रहे। ओह समय के मशहूर खेलाड़ी रहस-जब्बार हुसेन, ठाकुर सूरज सिंह, वृजेन्द्र देव नारायण, राघवेन्द्र देव नारायण, अमर सिंह, कुमार पशुपति सिंह, मु. हनीफ, ईसा खाँ अउरी नकछेदी। 1936 में छपरा टाउन क्लब 'लाहिड़ी शील्ड' जितलस।

हॉकी के परंपरा भी पुरान बा। हॉकी के जानल-मानल खेलाड़ी रहलन-नागेन्द्र बहादुर चाँद, कमला प्रसाद, लक्ष्मी प्रसाद, दीनबंधु सिंह, शंकर प्रसाद आ बिंदेश्वरी प्रसाद। टीम के मैनेजर रहलन श्री प्रशांत घोष। 1949 में दहिआवाँ क्लब "दुर्गा देवी शील्ड" जितलस। एकर खेलाड़ी रहलन-एरिक, सुलेमान, नगीना प्रसाद, बैजनाथ सिंह, दीनबंधु सिंह, मेंहदी हुसेन, श्याम बिहारी आ कपिलदेव।

भोजपुरी के सरधा निवेदन करिके कहे के चाह तानी-

"साध इहे बा होय बढ़न्ती, हरदम एह भासा के
अपना माटी से उपजल, पनकल, लहरल आसा के
खाली कहला से ना होखी, मेहनत करी, निखारी
जतना होखे पहुँच समाइत, ओतने गोड़ पसारी

जय भोजपुरी! जय हिन्द!

(बारहवाँ अखिल भारतीय भोजपुरी सम्मेलन, छपरा से साभार।)

www.bhojpurisahityangan.com

सारन की साहित्य-साधना में नयागाँव की भूमिका

□ डॉ० रामकिशोर प्र० श्रीवास्तव

पतितपावनी गंगा, सांस्कृतिक सलिला सरयू एवं सादानीरा गंडकी के पावन जल से प्रक्षालित होने वाली सारन की गौरवमयी धरती का एक भूखण्ड नयागाँव भले ही नाम से नया हो इसकी साहित्य-साधना पुरानी है। सारन के जिन साहित्य-साधकों ने साहित्य का दीप जलाया उसमें नयागाँव के साहित्यिकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। हम एक-एक करके उनका परिचय यहाँ देना चाहेंगे।

दीवान झब्बू लाल-

नयागाँव के लाला साहीराम दास के पुत्र झब्बू लाल का जन्म 1750 ई० में हुआ था। इनके पिता दीवानगिरी वृत्ति से ही जीवन-यापन करते थे। पिता के पश्चात् दीवानगिरी का काम इन्हें ही मिला। बेतिया का जो राज्य वीरेश्वरसिंह बहादुर के अधिकार में आया था, उसका श्रेय इन्हीं को दिया जाता है। इनकी प्रतिभा एवं बुद्धि-चातुर्य देखकर महाराज ने स्पष्ट घोषणा की कि यह राज्य मेरी संतानों के लिए और दीवानगिरी का काम आपके वंशधरों के लिए सुरक्षित रहेगा।

इन्होंने अरबी, फारसी, संस्कृत और हिन्दी का अच्छा ज्ञान प्राप्त किया था। ये हिन्दी काव्य-रचना किया करते थे। आज भी इनकी लिखी होली जनकण्ठ से सुनने को मिलती है।

ब्रह्मदेव नारायण 'ब्रह्म'

'बटोहिया' पूर्वी गीत के अमर-गायक स्व० रघुवीर नारायण के पूर्वज श्री ब्रह्मदेव नारायण 'ब्रह्म' का जन्म 1786 ई० में नयागाँव में हुआ था। इन्होंने सवतंत्र रूप से किसी पुस्तक की रचना नहीं की, परन्तु भक्तियोग सम्बंधी कुछ फुटकर पदों की रचना खड़ीबोली एवं भोजपुरी में की थी। एक उदाहरण द्रष्टव्य है :

कृपा नारायण :

कृपा नारायण जी नयागाँव निवासी ठाकुर संतोष नारायण के पुत्र थे। ये उर्दू-फारसी के उच्च कोटी के विद्वान थे। 'आशिक-गदा' इनकी हिन्दी पद्यात्मक-संग्रह है। जिसमें इस्लाम की दार्शनिकता के साथ-साथ दो प्रेम-विह्वल प्राणों की मर्मस्पर्शिनी कथा है।

इनके एक ही उदाहरण से यह स्पष्ट हो जाता है कि इनमें काव्य-प्रतिभा बहुत प्रबल थी। श्रीकृष्ण को छेड़-छाड़ से तंग आकर श्री राधिका जी कहती हैं :

"औरन को छाड़ि मोहि रोकत हो बार-बार,
कहौं हौं पुकारि भारि रारि मच जायगो।
धाय-धाय आँचल को झोरो झकझोरो ना,
सारी मोरी फाटिहें तो कामरी बिकायगी।।

इस पद में राधिका के हृदय की स्वाभाविकता का वर्णन रीतिकालीन नायिकाओं की अपेक्षा बहुत ही मर्यादित है।

रामविहारी सहाय :

"बिहारी" उपनाम से रचना करने वाले रामविहारी सहाय का जन्म छपरा शहर के दहियावाँ मुहल्ले में सन् 1840 ई० में हुआ था। नयागाँव निवासी मुंशी मनियार सिंह के ये ज्येष्ठ पुत्र थे।

'बिहारी जी' सरकारी सेवा में कार्यरत थे। परन्तु एक बार अकारण सेवा से मुक्त कर दिये गये। खिन्न होकर इन्होंने 'दुर्गास्तोत्र' नामक काव्य ग्रन्थ का प्रणयन किया था। फलस्वरूप पुनः इनकी नियुक्ति हो गयी।

रघुवीर नारायण

रघुवीर नारायणजी का प्रवेश हिन्दी साहित्य में उस समय हुआ जब भारत में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की 'भारत दुर्दशा' और प्रताप नारायण मिश्र की 'हिन्दी हिन्दू हिन्दुस्तान' कविता द्वारा जन-मन में राष्ट्रप्रेम के भाव का निर्देश हो रहा था। उर्दू में भी 'सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा' का चारों ओर प्रचार हो रहा था। किन्तु हिन्दी में कोई ऐसी कविता नहीं थी जो सर इकबाल से टक्कर ले सके। अभी गुप्तजी की 'भारत-भारती' भी भविष्य के गर्भ में ही थी। ऐसे ही अन्धकारपूर्ण युग में 'बटोहिया' ने सोई पड़ी जनता में फैलकर उसकी तन्द्रा निद्रा भंग कर दी।

श्री रामनाथ गुप्त ने 'बटोहिया' पर अपनी टिप्पणी देते हुए कहा था: "श्री रघुवीर नारायण प्रणीत 'बटोहिया' गीत इतना अधिक शक्तिशाली, कोमल, करुण, मर्मस्पर्शी एवं प्रभाम्वोत्पादक है कि ऐसा गीत शायद ही किसी भाषा में हो। इस गीत को सुनिए और भारत के यथार्थ दर्शन कीजिए। हृदय मुग्ध होकर रहा जायगा, आँखें आँसू गिराने लगेंगी, प्राणों में एक प्रकार की सन-सनाहट ही सुनाई पड़ने लगेगी और मन

www.bhojpurisahityangan.com

उसकी गति और लय पर हिलोरें लेने लगेगा। ऐसा है यह गीत।''

'बटोहिया' से प्रभावित होकर सन् 1912 ई० में कलकत्ते से देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद जी ने इस गीत की तुलना सुप्रसिद्ध गीत 'अमार जन्म-भूमि' से करते हुए, इसी छन्द में खड़ीबोली में एक कविता लिखने की प्रार्थना की थी। उसी के बाद कवि ने अपनी 'भारत भवानी' की रचना की।

'बटोहिया' की तरह 'भारत भवानी' कविता भी असहयोग आन्दोलन के पूर्व से ही क्रांतिकारियों के लिए विद्रोही गीत की कड़ी बन गयी थी। जेल के कैदी आधी रात को बंड़िया बजा बजा कर इसे झूमते हुए गाते रहते थे।

'रघुवीर रसरंग' और 'रघुवीर पत्रपुष्प' नामक कवि की रचनाएँ 1905-6 में ही प्रकाशित हो चुकी थीं जिनकी सरल गतिमयतापूर्ण भावुक पक्तियों को लोग घर-घर गुनगुनाते रहते थे।

हरेन्द्रदेव नारायण :

रघुवीर नारायण के सुपुत्र हरेन्द्रदेव नारायण (हरिजी के प्यारे नाम से अभिज्ञात) हिन्दी के सशक्त कवि होने के साथ ही सफल कथाकार, चिंतनपूर्ण निबन्ध-लेखक और गम्भीर समालोचक भी थे। वे हिन्दी के ही नहीं अंग्रेजी के प्रकांड विद्वान थे। उन्होंने हिन्दी की कविताओं का अंग्रेजी काव्यानुवाद सफलता के साथ किया है।

हरिजी आधुनिक हिन्दी-काव्य गगन में उदित एक ऐसे नक्षत्र का नाम है, जिसकी दमक में अपनी दीप्ति प्रकम्पन में अपनी गति है। जिसका उदय छायावाद-युग की अस्तावस्था में हुआ और जिसने अपनी पीढ़ी के मनोमथन से 'नवलेखन' की पीढ़ी को जन्म दिया।

सन् 1933-34 से जीवन के अन्तिम क्षण तक हरिजी एक भाव से अनवरत साहित्य सृजन करते रहे। इनके सम्बंध में विशेषज्ञ उल्लेखनीय बात यह है कि करोड़ों भोजपुरी भाषियों के साहित्य में महाकाव्य-रचना परम्परा के प्रवर्त्तन का ऐतिहासिक श्रेय, भगवान ने उन्हें ही दिया है। 'कुँवर सिंह' महाकाव्य, भोजपुरी भाषा का आदि महाकाव्य है।

प्रकाशवती नारायण :

हरिजी की पत्नी प्रकाशवती नारायण 1939 से लेकर आजतक हिन्दी साहित्य की सेवा करती आ रही हैं। इन्होंने मुख्य रूप से गीतों की रचना की है। इनके गीतों में कोमल भावनाओं का स्पन्दन, सूक्ष्म चित्रमयता और कल्पना का प्रसाद मिलता है।

अवधेन्द्र देव नारायण:

नयागाँव निवासी अवधेन्द्रदेव नारायण सैकड़ों सशक्त गीतों की रचना की है। ''आत्मसुरा'' शीर्षक कविता में जीवन की परिभाषा का सत्य कवि की नवीन कल्पना है। इनके गीत नवीन भावनाओं को सामने रखते हैं।

इस तरह हम देखते हैं कि सारन के जिन संतों एवं साहित्य सेवियों ने अपनी प्रतिभा को दीपशिखा जलाकर आनेवाली पीढ़ी का मार्ग प्रशस्त किया उनमें नयागाँव के साहित्य-साधकों का अपना विशिष्ट महत्त्व है। ◆

पृष्ठ 17 का शेष.....

पर आने वाली थी। पत्रिका छपकर तैयार थी केवल मुखपृष्ठ की छपाई बाकी थी। लोगों का विचार हुआ कि डॉ० वासुदेव नारायण से आशीर्वाद स्वरूप पत्रिका के लिए उनकी कोई रचना ली जाय जो मुखपृष्ठ पर हो। डॉ० वासुदेव नारायण उस समय प्रिन्स ऑफ वेल्स मेडिकल कॉलेज, पटना के प्राचार्य थे। किसी ने इसी ऐन वक्त पर सलाह दी कि बासुदेव बाबू की रचना तो छोटी नहीं बड़ी हो सकती है और पत्रिका छप चुकी है। अन्ततः निर्णय हुआ रघुवीर बाबू अभी नयागाँव में उपलब्ध हैं। क्यों न उनसे ही कुछ लिया जाये जो विद्यार्थियों के लायक एवं प्रेरणादायक भी हो।

हमारे आदरणीय शिक्षक एवं ''उषा-किरण'' के सम्पादक श्री भोलेश्वर नारायण सिंह कुछ विद्यार्थियों के साथ बाबू रघुवीर नारायण जी से आशीर्वाद प्राप्त करने उनके 'बड़का दुरा' पहुँचे। उनका घर इस इलाका में 'बड़का' दुरा के नाम से ही सम्बोधित होता था। क्यों न हो, नयागाँव के इतिहास से बड़कादुरा (बड़का द्वार) के इतिहास को निकाल दिया जाये तो नयागाँव का इतिहास शून्य नहीं तो एक शून्यता अवश्य आ जायेगी।

उस समय श्री रघुवीर बाबू बाहर बरामदे पर एक पुरानी कुर्सी पर धोती एवं गोल गला की गंजी पहने आराम की मुद्रा में बैठे हुए थे। उनके सामने प्रस्ताव निवेदित किया गया। कुछ सकारात्मक उत्तर के पूर्व सभी विद्यार्थियों से परिचय पूछा गया। मेरी पारी आई, मैं अपना परिचय अपने पिता जी के नाम के साथ दिया। उन्होंने तत्क्षण कहा, 'हाँ, उस साल नौका-विहार में भगत जी के साथ तुम ही था?' मैंने स्वीकृति में मात्र अपना सिर हिला दिया।

परिचय के पश्चात् श्री भोलेश्वर नारायण की ओर इशारा से कलम की माँग की। कलम दी गई और उन्होंने लिखा-

''जिस पथ को गह, पिता पितामह परमगति को पाई है।
उस पथ को तू गह रे मूरख इसमें परम भलाई है।।''

और नीचे अपना हस्ताक्षर कर दिये, ऐसे थे हमारे रघुवीर बाबू। मैं उनके प्रत्युपन्नमतित्व का कायल हूँ। वे बराबर मेरे लिए चिरस्मरणीय एवं प्रेरणादायक हैं। ◆

www.bhojpurisahityangan.com

इतिहास के पन्नों में नयागाँव

□ अशोक कश्यप

नयागाँव का नाम सुनकर आप ऐसा न समझे कि गंगा के कटाव में कटकर कोई गाँव नई जगह पर बस गया है, जिस कारण वह 'नयागाँव' के नाम से जाना जाता है।

हालाँकि यह भी सच है कि पुराने जमाने में जहाँ आज-कल नयागाँव बसा हुआ है, जंगल ही जंगल था। नये बसने वालों ने जंगल को साफ कर नयागाँव बसाया और वह 'नयागाँव' के नाम से प्रसिद्ध हो गया।

'नयागाँव के बगल में ही कसमर एक बस्ती है जो वर्तमान पहलेजा घाट रेलवें स्टेशन के बगल में है। पठान शासन के समय कसमर एक परगना था, जहाँ न्यायकर्ता काजी तथा प्रशासन के दूसरे पदाधिकारी रहते थे। आज भी कसमर एक परगना है और पुराने काजी खान्दान के लोग बसे हुए हैं। इसके आसपास की भूमि चकों में बँटी हुई थी। जैसे इस्माइलचक, कपूरचक, महमदअलीचक, महमूदचक, मुर्गियाचक, मुस्तफाचक, कस्तूरीचक और लहलादचक आदि।

इन्हीं चकों के आसपास नये-नये गाँव बस गये। जैसे- रहिमपुर, वाजिदपुर, हसनपुर, रसूलपुर, हासिलपुर और राजापुर आदि।

इन आबाद पुरों और चकों के बीच में गैर आबाद जमीन थी जिसमें जंगल ही जंगल थे। इन्हीं जंगलों में से एक को साफ कर नये बसने वालो ने नयी बस्ती बसायी जिसको हम 'नयागाँव' के नाम से जानते हैं।

नयागाँव के पड़ोस में मकरा एक बस्ती है। पुराने समय में यहाँ एक मस्जिद थी। जहाँ एक ईमाम साहब रहते थे। इस गाँव के नाम के सम्बंध में एक किम्वदन्ती मशहूर है। जो इस प्रकार है :

एक हजयात्री यात्रा के दौरान एक रात यहाँ मस्जिद में ठहर गया। इमाम ने उससे पूछा कि तुम कहाँ जा रहे हो ? उस मुसाफिर ने कहा कि -'मैं हज करने मक्का जा रहा हूँ।' इस पर उस इमाम ने कहा-''अगर मैं तुमको मक्का का दर्शन यहीं करा दूँ तो कैसा रहेगा ?'' उस मुसाफिर ने जवाब दिया कि 'फिर मुझे मक्का जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।' इमाम ने उसे अपनी आँख बन्द करने को कहा और फिर थोड़ी देर में पूछा- ''तुमने मक्केरा दीदम'' उस मुसाफिर ने कहा- ''हाँ मैंने मक्केरा दीदम।'' उसके बाद से मक्केरा दीदम की जगह वह स्थान मकरा के नाम से प्रसिद्ध हो गया। मक्केरा दीदम का माने होता है : 'मैंने मक्के को देखा।'

नयागाँव के उत्तर में हरदियाँ चौर पड़ता है। जहाँ पिपरा मठ, चिलावें मठ और ककड़ा मठ मशहूर हैं। पुराने समय में ये सब मठ बौद्धमठ थे। आज भी यहाँ के पुराने कुओं में बुद्धकाल के सिक्के मिलते रहते हैं। इन मठों के संन्यासी बौद्ध धर्म को मानते हुए गृहस्थ-आश्रम में चले गये थे। बाद में ये लोग वैष्णव-धर्म को मानने लगे।

इन मठों में पहुँचने के लिए बरसात के समय नाव के सिवाय दूसरा कोई साधन नहीं है। अन्य समय में पैदल चल कर ही यहाँ पहुँचा जा सकता है।

सन् 1933 ई० में 'बटोहिया' के गायक श्री रघुवीर नारायण को चिलावें मठ के एक पुराने कुएँ से कुछ सिक्के मिले थे। उनका कहना था कि यह खोज की वस्तु है। और भी बौद्ध-कालीन सामान यहाँ मिल सकते हैं। बांकारो इस्पात कारखाने के मशहूर मजदूरनेता श्री विद्या सागर गिरि इन्हीं मठो में से एक ककड़ा मठ के निवासी हैं।

सोनपुर से दस किलोमीटर पश्चिम नयागाँव स्थित है। सोनपुर-छपरा मुख्य सड़क के बगल में नयागाँव रेलवे स्टेशन है। नयागाँव में डाकघर, तारघर, टेलीफोन ऑफिस, विद्युत ऑफिस, सरकारी अस्पताल, थाना, गोगल सिंह इन्टर कॉलेज, राधिका प्रसाद मध्य विद्यालय, शहीद राजेन्द्र पुस्तकालय और रघुवीर नारायण पुस्तकालय मौजूद हैं। मवेशी अस्पताल के अलावे स्टेट बैंक भी कार्यरत है। नयागाँव को शहीद राजेन्द्र सिंह की जन्मभूमि होने का गौरव प्राप्त है।

भोजपुरी राष्ट्रीय गीत के रचयिता श्री रघुवीर नारायण की जन्मभूमि होने के कारण नयागाँव एक साहित्यिक तीर्थ स्थान हो गया है।

श्री रघुवीर नारायण के छोटे भाई डॉ० श्रीवासुदेव नारायण किसी समय पटना विश्वविद्यालय के उप-कुलपति थे। श्री रघुवीर नारायण के छोटे लड़के श्री हरेन्द्रदेव नारायण द्वारा रचित 'वीर कुँवर सिंह' भोजपुरी साहित्य का महाकाव्य माना जाता है।

श्री हरेन्द्रदेव ने सन् 1935 में नयागाँव में छात्र-संघ की स्थापना की थी जिसके मंत्री स्वतंत्रता सेनानी श्री भिखारी नाथ थे। इन्होंने सन् 1936 में सोनपुर सेमिनरी में छात्र-संघ की स्थापना की जिसके मंत्री पूर्व एम०एल०सी श्री जयमंगल सिंह और अध्यक्ष श्री भिखारी नाथ बनाये गये। इन लोगों ने 'छात्र-सेवक' नामक पत्रिका भी निकाली थी।

किसी जमाने में बेतिया राज के दीवान नयागाँव के ही श्री झब्बूलालजी थे। नयागाँव में इनका महल था जो देखने

www.bhojpurisahityangan.com

लायक था। पर सन् 1934 के भूकम्प में वह पूर्ण रूप से धराशायी हो गया। वह अब सिर्फ खण्डहर के रूप में पड़ा हुआ है। स्वतंत्रता सेनानी रंगबाबू उसी खान्दान के थे जो बाद में आज शहर में जा बसे। उसी परिवार के दूसरे सदस्य डा. सुरेश प्रसाद पटना में बस गये हैं।

अम्बिका भवानी मंदिर की दीवार में जड़े स्मार-पत्थर से पता चलता है कि नयागाँव के श्री धर्मनाथ सहाय ने अपने पिता श्री हरिहर प्रसाद की यादगारी में अम्बिका भवानी के मंदिर का निर्माण कराया। जहाँ आज भी साड़ी और मुकुट सब से पहले इनके खान्दान के द्वारा चढ़ता है। श्री धर्मनाथ सहाय बाबू बद्रीनारायण के पिता थे। नयागांव में इनके मकान में आजकल डाक-तार घर खुला हुआ है।

कहा जाता है कि हरिहरनाथ मन्दिर सोंनपुर में कार्तिक पूर्णिमा को पहला झण्डा का संकल्प नयागाँव के ही किसी नागरिक से कराया जाता है। यह एक ऐतिहासिक खोज का विषय है।

नयागाँव के ही बाबू सूरजा प्रसाद भागलपुर शहर में जा बसे है। इनके लड़के तारकेश्वर प्रसाद नयागाँव बराबर आया करते थे। नयागाँव के सरकारी अस्पताल को इनके ही पूर्वज के एक सदस्य श्री रास बिहारी सहाय ने बनवाया था।

भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ० राजेन्द्र प्रसाद ने अपनी पोती को नयागाँव के इस परिवार का एक सदस्य बना कर जीरादेई और नयागाँव दोनों को गौरव प्रदान किया है।

नयागाँव के श्री धुरन्धर प्रसाद हाजीपुर में वकालत करते थे। उनके भतीजा श्री कमला प्रसाद भी वहीं वकालत करते थे। वे लोग वहीं के निवासी हो गये गंगा के कटाव के चलते उन का नयागाँव का मकान गंगा की धार में बह गया। नयागाँव सरकारी अस्पताल के हाते में मरीजों के लिए श्री धुरन्धर प्रसाद ने वार्ड बनवाया जिसमें आज भी मरीज रह कर दवा कराते हैं।

अपने जमाने में नयागाँव के निवासी श्री गधिका प्रसाद जिला शिक्षा निरीक्षक थे जबकि तीनों जिला गोपालगंज, सिवान और सारण तब एक जिला सारण था। उस समय मध्य विद्यालय में फीस लगती थी। यही वह व्यक्ति हैं जिन्होंने सरकार से संघर्ष कर पूरे सारण जिला के मध्य विद्यालयों में मुफ्त शिक्षा जारी करवायी।

नयागाँव का राधिका मध्य विद्यालय उनकी याद की निशानी है। इनके लड़के भी रामचन्द्र प्रसाद इस विद्यालय के प्रधानाध्यापक रहकर गुजर गये।

किसी समय नयागाँव की पुरानी मस्जिद, मकरा गाँव में महीनदी के किनारे खड़ी थी। जहां सोमवार और वृहस्पतिवार को बाजार लगता था। उस मस्जिद के आँगन में पीर साहब का एक मकबरा था। जहाँ हर साल उर्स मेले के वक्त उन पर चादर चढ़ता था। मस्जित के बाहर कब्रगाह थी जहाँ बाजार लगता था। यहाँ पर इलाके के ताजिये और सीपर जुटते थे। दशहरे के मौके पर इलाके की दुर्गा मूर्त्तियों का सामुहिक प्रदर्शन होता था। यहाँ के हिन्दू और मुसलमान भाई-भाई के प्रेम में आज ही जैसे बँधे हुए थे। दुर्गा और ताजिया के जूलूसों में एक साथ खेलत-कूदते थे। आपस की यह एकता नयागाँव के सांस्कृतिक इतिहास की देन के रूप में आज भी कायम है।

गंगा के कटाव के कारण पुरानी मस्जिद और कुछ मन्दिर अब नहीं रहे। नई मस्जिद नयागाँव स्टेशन के पास मुख्य सड़क पर बन गयी है। पीर साहब का मजार शहीद राजेन्द्र नगर बहेरा गद्दी में बन गया है। जहाँ अब उर्स का मेला लगता है।

पुराने मन्दिरों में पत्थर के मंदिर मकरा में बच गया है। जो राष्ट्रीय आन्दोलन के समय स्वतंत्रता सेनानियों का आश्रम भी था।

पुराने विशाल मंदिर के बदले में नया मंदिर श्री रघुवीर नारायण के घर के बगल में उनके ही परिवार के डॉ० धनंजय प्रसाद ने खड़ा कर दिया है।

दीवान झब्बूलाल और बाबू राम जी सहाय की ठाकुरवारी आज भी याद के रूप में मौजूद है।

पुराने समय का वह दिन अब सिर्फ याद भर रह गया है। सावन माह में प्रत्येक सोमवार को इलाके के नामी-गिरामी तबला-वादक, सितार, सारंगी और ढोलक के बजवैये जुटते थे। सितार-वादक निल्लू ओझा, तबला-वादक सूर इनायत मियाँ, बुजुर्ग इदन मियाँ मरई हजरा, उस्ताद नरसिंह सिंह और सरयू सिंह अब नहीं रहे। श्री वैद्यनाथ प्रसाद इनकी धरोहर के रूप में जरूर नयागाँव का नाम उजागर कर रहे हैं।

हारमोनियम मास्टर श्री सूपन गोस्वामी अब नहीं रहे। मीठे स्वर के गायक तथा नयागाँव के नाट्य समिति के स्तम्भ श्री कमलेश्वरी प्रसाद उर्फ बच्चू बाबू अब नहीं रहे; पर उनके पुत्र श्री अशोक जी जरूर दशहरे के मौके पर मौजूद होकर उनकी याद करा जाते हैं। बच्चू बाबू के एक सहयोगी श्री सरयू प्रसाद आज भी जीवित हैं।

समाजसेवी सेठ सूर्य साह और नयागाँव में आर्य समाज के संस्थापक स्वतंत्रता सेनानी डॉ० महाराज सिंह भुलाये नहीं जा सकते।

नयागाँव में किसी तरह के सांस्कृतिक काम को सफल बनाने में सेठ जी तन, मन और धन से लग जाते थे, उनके छोटे लड़के भी वैद्यनाथ प्रसाद उनकी सांस्कृतिक देन हैं।

नयागाँव में रामलीला के संस्थापक श्री सच्चिदानन्द

www.bhojpurisahityangan.com

ओझा, श्री शंकर तिवारी, नारद और विश्वामित्र के पात्र श्री चक्रधर तिवारी और परशुराम के पात्र श्री शिव शरण पाण्डेय आज भी याद किये जाते हैं।

ऐसे तो 20वीं सदी के शुरू में ही नयागाँव के रघुवीर नारायण राष्ट्रीय आन्दोलन से प्रभावित हो चुके थे, इसकी झलक हमें उस काल में रचित उनकी रचना 'भारत भवानी' में मिलती है-

''तेरे पुत्र वेद भाखे
नम होके हाँके रथ
तेरी आज शक्ति क्यो थिरानी मेरी जननीव''

पर राष्ट्रीय आन्दोलन का सक्रिय असर नयागाँव पर सन 1921 से बहुत अधिक रहा। सन् 1921 में पढ़ाई छोड़ कर सक्रिय राजनीति में कूद पड़ने वालों में नयागाँव के स्वतंत्रता सेनानी रंगबाबू और स्वतंत्रता सेनानी ब्रह्मदेव पाठक उर्फ गाँधी जी का नाम आता है।

रंगबाबू आरा में जा बसे थे। और विद्यार्थी-जीवन छोड़कर श्री ब्रह्मदेव पाठक नयागाँव में रहने लगे थे।

सन् 1930 और 1931 के समय तो नयागाँव असहयोग आंदोलन का एक केन्द्र हो गया था। बाबा कृपाल दास के प्रभाव में यहाँ दर्जनों कार्यकर्त्ता तैयार हो गये थे।

उस समय का तरुण संघ अपने ढंग का क्रांतिकारी-काल संघ था। ताड़ी-दारू की दूकान पर धरना देना, नमक की पुड़िया बनाकर स्टेशन और बाजार में बेचना, साथ ही आश्रम-वासियों के लिए घर-घर से मुठिया बटोर कर लाना इस तरूण संघ के सदस्यों का प्रधान कर्तव्य हो गया था।

इस मौके पर संस्कृत पाठशाला के पंडित श्री देवनारायण चौबे और राधिका मध्य विद्यालय के शिक्षक श्री राधा सिंह का नाम भुलाये नहीं भूलता। राष्ट्रीय भावना से नवयुवकों को सुसज्जित करने में इन दोनों का काफी हाथ रहा।

असहयोग आंदोलन के समय नयागाँव केन्द्र के नायक के रूप में एक के बाद एक श्री महाराज सिंह रसेनचक, श्री भरत सिंह डुमरी बुजुर्ग और भ्र कमलेश्वरी प्रसाद उर्फ बच्चू बाबू नयागाँव जिम्मेदारी निभाते रहे।

छुआ-छूत मिटाने के आन्दोलन में नयागाँव हमेशा आगे रहा। हरिजन उद्धार के लिए गाँधी जी द्वारा की गई भूख हड़ताल में एक रोज भूख हड़ताल कर यहाँ के कार्यकर्त्ताओं ने उनका सहयोग किया। गाँधी की उस भूख हड़ताल की सफलता की देन पूना पैक्ट है।

हरिजनों के लिए मन्दिर खोलने के आंदोलन में श्री हृषीकेश नारायण का नाम आज भी श्रद्धा से लिया जाता है। उन्होंने अपने पत्थर-मन्दिर को हरिजनों के लिए खोल दिया था। उनका साथ देने वालों में नयागाँव पंचायत राज के प्रथम मुखिया श्री भिखारी नाथ, सरपंच श्री परमेश्वर पाठक, हरिजन समाज-सेवक के कार्यकर्त्ता श्री रामछबिला गुप्ता, सेठ सूर्य साह, डॉ० महाराज सिंह, श्री ब्रह्मदेव पाठक और डुमरी बुजुर्ग के रामचन्द्र सिंह उर्फ गाँधी जी का नाम याद किया जाता है।

प्रान्तीय स्वराज्य मिलने पर सन् 1937 के चुनाव में श्री सुखराम पाठक का योगदान नयागाँव में सराहनीय रहा। उस समय कांग्रेस के उम्मीदवार पं० द्वारकानाथ तिवारी थे। सोनपुर थाना कांग्रेस के मंत्री कम्युनिस्ट नेता श्री शिव बचन सिंह थे। कांग्रेस चुनाव औफिस नयागाँव में भी भिखारीनाथ थे। प्रचारक में सेठ सूर्य साह, डॉ० महाराज सिंह, श्री गया दत्त पाठक और लाड़नपुर के श्री चन्द्रिका तिवारी जैसे लोग थे। उस समय कांग्रेस की जीत देशभक्ति की जीत समझी जाती थी क्योंकि उस समय सभी देशभक्तों का सिर्फ एक मंच कांग्रेस संस्था थी।

फिर आया सन् 1942 का अगस्त आंदोलन। गाँधी जी के 'करो या मरो' के नारे पर नयागाँव के लोगों ने भी आगे बढ़ कर भाग लिया। विद्यार्थी नेता श्री भिखारी नाथ जेल भेज दिये गये। डॉ० महाराज सिंह गोरों की गोली से घायल हो गये।

सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान के लिए नयागाँव के बाबू रामजी सहाय का नाम प्रथम इसलिए आता है कि उन्होंने ही सबसे पहले संस्था खोलने के लिए अपनी बहुमूल्य जमीन दान देकर लोगों को प्रोत्साहित किया था।

नयागाँव का प्राथमिक विद्यालय, राधिका मध्य विद्यालय, नयागाँव सरकारी अस्पताल उनके द्वारा दी गयी जमीन पर ही निर्मित है।

उनके बाद पं० सुख पाठक का नाम आता है जिन्होंने उच्च विद्यालय की स्थापना के लिए अपनी बहुमूल्य जमीन देने की अगुवानी की थी। आजकल गोगल सिंह इन्टर कॉलेज इसी जमीन पर चल रहा है।

भूतपूर्व नयागाँव उच्च विद्यालय की स्थापना में डॉ० वासुदेव नारायण व उप-कुलपति पटना विश्वविद्यालय का विशेष सहयोग रहा। स्वतंत्रता सेनानी श्री रामनाथ सिंह का अथक परिश्रम इस उच्च विद्यालय के लिए बहुत ही सराहनीय रहा है।

इस विद्यालय में दो-दो भूतपूर्व मुख्यमंत्री बिहार सरकार श्री राम सुन्दर दास और श्री दारोगा प्र० राय की सेवा शिक्षक की हैसियत से काफी सराहनीय रही है।

नयागाँव के स्वतंत्रता सेनानी श्री जगदीश सिंह जो एम० एल० सी० भी रह चुके हैं, आजकल सिताब दियारा में जय प्रकाश आश्रम में रह रहे हैं।

(सौजन्यः भिखारी नाथ)

www.bhojpurisahityangan.com

भोजपुरी के अमर कवि रघुवीर नारायण

□ जगदीश सिंह

इनकी प्रारम्भिक शिक्षा घर पर ही हुई। उर्दू, फारसी की शिक्षा इनके पिताजी उन्हें स्वयं देते थे। मैट्रिक की परीक्षा इन्होंने जिला स्कूल, छपरा से पास की। उच्च शिक्षा के लिए इनका नामांकन पटना कॉलेज में हुआ। अस्वस्थ हो जाने के कारण इनकी बी०ए० की पढ़ाई वहाँ पूरी नहीं हो सकी। कॉलेज जीवन से इनकी अंग्रेजी की कविताएँ प्रारम्भ हो गई। किसी भारतीय के लिए अंग्रेजी की कविता में निपुणता एवं यश प्राप्त करना असंभव है, ऐसी टीका टिप्पणी सुनकर वे निराश नहीं हुए बल्कि चुनौती के रूप में उन्होंने स्वीकार किया। उनका एक खण्ड काव्य "ए टेल ऑफ विहार" वर्ष 1905 में प्रकाशित हुआ जिसकी प्रशंसा में इंगलैण्ड के तत्कालीन राज कवि अल्फ्रेड ऑस्टीन ने लिखा "अंग्रेजी साहित्य में आप का ज्ञान पूर्ण है। मैंने अपने देश के साहित्यकारों से अनेक कविताएँ प्राप्त की हैं पर भावनाओं की अभिव्यक्ति में आप की बराबरी कोई नहीं कर सका है।

कॉलेज छोड़कर अस्वस्थता के कारण घर पर ही रहने लगे। घर पर रहने की अवधि में अंग्रेजी में उनके दो कविता संग्रह क्रमशः "वे साइड बलासम्" एवं "सीता हरण" प्रकाशित हुए। स्वास्थ्य कुछ अच्छा हुआ तो पटना से कानून की पढ़ाई उन्होंने पूरी की। वकालत न कर उन्होंने मुंगेर जिला स्कूल में शिक्षक पद पर कार्य करना प्रारम्भ कर दिया। कुछ दिनों के बाद मुंगेर जिला स्कूल छोड़कर वे छपरा जिला स्कूल में चले आए। छपरा के जीवन काल में ही वर्ष 1911 में अमर राष्ट्रीय गीत "बटोहिया" की रचना उन्होंने की। इस गीत के पहले कोई दूसरी राष्ट्रीय गीत की रचना नहीं हुई थी। हाँ उसी समय सर इकबाल का "सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्ताँ हमारा" गीत प्रकाशित हुआ था। भोजपुरी भाषी क्षेत्रों में राष्ट्रीय भावनाओं को जगाने मे 'बटोहिया' गीत की बहुत बड़ी भूमिका रही। वर्ष 1912 में 'बटोहिया' गीत से प्रभावित होकर राजेन्द्र बाबू ने बंगला भाषा में लिखा गया "आमार जन्मभूमि" से तुलना करते हुए हिन्दी भाषा में भी गीत लिखने के लिए रघुवीर बाबू से अनुरोध किया। उनके अनुरोध को पूरा करने के लिए रघुवीर बाबू ने हिन्दी में "भारत भवानी" गीत की रचना की। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में राष्ट्रभक्ति की भावना जगाने हेतु उपर्युक्त दोनों गीतों के अतिरिक्त और भी कई रचनाएँ उन्होंने की।

"बटोहिया" गीत अपनी लोकप्रियता के बदौलत भारत की सीमा से बाहर मारिशस, फिजी, ट्रीनीनाड, गायना आदि देशों में भी अलख जगाने में लोकप्रिय हुआ।

रघुवीर नारायण जी अंग्रेजी के अतिरिक्त भोजपुरी, हिन्दी, उर्दू, फारसी, संस्कृत आदि भाषाओं में भी बहुत सारी कविताओं की रचनाएँ की। विद्वानों की राय है कि उपर्युक्त सभी भाषाओं पर समान रूप से उनका अधिकार था।

बिहार में बनैली राज के राजा श्री कृत्यानन्द सिंह एक सहृदय एवं साहित्य प्रेमी व्यक्ति थे। रघुवीर बाबू की विद्वता एवं आदर्शों से प्रभावित होकर अपने प्राइवेट सेक्रेटरी के पद पर उनको बुला लिया। रघुवीर बाबू छपरा जिला छोड़कर साहित्य की सेवा करने बनैली चले गए। रघुवीर बाबू के मानवीय दृष्टिकोणों एवं प्रभावोत्पादक व्यक्तित्व से बहुत प्रसन्न हुए। बनैली राज में रहते हुए वहाँ से उनके दो कविता संग्रह क्रमशः "रघुवीर पत्र पुष्प" एवं "रघुवीर रंगरस" प्रकाशित हुए। 'रघुवीर पत्र पुष्प' कविता संग्रह धर्म, भगवत भक्ति एवं उपासना से संबन्धित है। रघुवीर बाबू एक धार्मिक एवं आध्यात्मिक चित्र के व्यक्ति थे। गाँव-गवई की भाषा में बहुत से कीर्त्तन, भजन आरती, खेमटा आदि की रचनायें की

व्यवहारिक जीवन में हर तपके के लोगों से बड़े ही सरल एवं सहज भाव से मिलते थे। आध्यात्म को आदर्शों के अनुरुप ही उनका आचरण होता था आमलोगों के लिए उनका व्यक्तित्व बहुत ही प्रेरक एवं अनुकरणीय रहा है। परोपकार उनके जीवन का लक्ष्य बन गया था।

बनैली राज की सेवा से मुक्त होकर वहीं पर वर्ष 1934-40 तक दातव्य औषधालय में चिकित्सा एवं दवा वितरण का कार्य किया। होमियो पौथी चिकितसा की शिक्षा उन्हें पहले से ही प्राप्त थी?। बड़े ही मनोयोग एवं सेवा भाव से उन्होंने इस कार्य को सफल अंजाम दिया।

वर्ष 1940 को बाद से एक पूर्ण सन्यासी की तरह वे जीवन यापन करने लगे। जिन्दगी के अन्तिम चरण में दमा रोग से पीड़ित हो गये थे। इस मनीषी को सरकारी सहायता भी नहीं प्राप्त हो सकी। कुछ साहित्यकार लोगों ने सरकार से साहित्यिक पेंशन के लिए अनुरोध की प्रक्रिया प्रारम्भ की थी लेकिन इसी बीच 1 जनवरी' 1954 को उनका देहान्त हो गया। ◆

www.bhojpurisahityangan.com

प्रतिवेदन

रघुवीर नारायण सेवा संस्थान

रघुवीर नारायण सेवा संस्थान, नया गाँव, सारण की स्थापना 1ली जनवरी 2000 को की गई। इसकी कार्यकारिणी के सदस्यों एवं पदाधिकारियों के नाम निम्नांकित हैं:-

संरक्षक - प्रो० (डा०) प्रभुनाथ सिंह

श्री प्रेम शरण आई०एफ०एस०

श्री फनीश सिंह, अधिवक्ता

श्री सत्यनारायण सिंह, एकौना कोठी, शास्त्रीनगर

अध्यक्ष - श्री जयमंगल सिंह, पूर्व पार्षद

उपाध्यक्ष - श्री भिखारी नाथ, स्व० सेनानी

महामंत्री - डा० श्री रामशोभित सिंह

मंत्री - (1) पं० श्री सुदामा मिश्र 'कवि'

(2) जगदीश सिंह

कोषाध्यक्ष - श्री तारकेश्वर राम

सदस्य - श्री प्रताप नारायण

श्री सत्यदेव प्र० चौरसिया

श्री श्यामदेव प्रसाद

श्री पाण्डेय कपिल

श्री नागेन्द्र प्र० सिंह

श्री रघुवीर नारायण सेवा संस्थान के अन्य सहयोगी संस्थाओं जैसे रघुवीर नारायण कला मंच, रघुवीर नारायण स्मारक समिति तथा रघुवीर नारायण पुस्तकालय के अध्यक्ष एवं सचिव, मंत्री पदेन सदस्य होंगे।

रघुवीर नारायण स्मारक समिति

नया गाँव के ग्रामीणों की ओर से रघुवीर नारायण स्मारक समिति की भी स्थापना वर्ष 1999 में की गई। इसके लिए गठित कार्यकारिणी के सदस्यों के नाम निम्नलिखित हैं।

1. अध्यक्ष - 1. श्री भिखरी नाथ - स्व० सेनानी

2. उपाध्यक्ष - (क) श्री सत्य नारायण साह

(ख) श्री मिश्री लाल राम

3. महासचिव - श्री रमेश चन्द्र ओझा।

सचिव मंडल -

(1) श्री रवि पाठक

(2) श्री वैद्यनाथ प्र० गुप्ता

(3) श्री दशरथ साह

(4) श्री अर्पणा देवी

(5) श्री अशोक राम

कोषाध्यक्ष - श्री तारकेश्वर राम

अंकेक्षक - श्री अवधेन्द्र भूषण सिन्हा (बन्टी जी)

कार्यक्रम :- रघुवीर नारायण स्मारक की स्थापना सोनपुर-छपरा उच्च पथ पर हरिजन महल्ला के सामने करवाना।

(2) मस्जिद चौक से भीतर नया गाँव में रघुवीर पथ हासिलपुर चौक तक बनवाना।

(3) साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम करना।

रघुवीर नारायण कला मंच

भोजपुरी गीत बटोहिया के अमर रचयिता नयागाँव भूमि के सपुत्र बहुभाषाविद् रघुवीर नारायण जी का जन्म 30 अक्टूबर 1884 को हुआ था। उनकी स्मृति में उनकी रचनाओं तथा कृत्यों को जन जीवन से जोड़ने हेतु "रघुवीर नारायण कला मंच नयागाँव (सारण)" की स्थापना वर्ष 1991 में नयागाँव निवासी श्री भिखारी नाथ, स्वतंत्रता सेनानी एवं लोक कलाकार भिखारी ठाकुर आश्रम में मंत्री 'श्री रामदास 'राही' के सतत् प्रयास से संभव हो सका। कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में :-

श्री भिखारी नाथ, श्री जगदीश सिंह, प्रो० रामनाथ राय, श्री दहाउर प्रसाद राय, श्री रामदास 'राही', चंदेश्वर प्र० राय, तारकेश्वर राम, मो० असलम, रमेश राय का चुनाव किया गया। संरक्षक के रूप में:- श्री जयमंगल सिंह (पूर्व एम०एल०सी०), स्व० राम जयपाल सिंह (पूर्व मंत्री बिहार सरकार) एवं राज कुमार राय (पूर्व विधायक) का चुनाव हुआ।

पदाधिकारीगण :-

(1) श्री जगदीश सिंह - अध्यक्ष

(2) प्रो० रामनाथ राय - सचिव

(3) श्री चंदेश्वर प्रसाद राय- उप सचिव

कम समय एवं कम साधन से रघुवीर नारायण की 107 वीं जयंती "रघुवीर नारायण कला मंच" के तत्वाधान में मध्य विद्यालय नयागाँव के प्रांगण में मनाई गई। जिसमें निम्नांकित हिन्दी और भोजपुरी के ख्याति प्राप्त विद्वान्, साहित्कार, कवि,

www.bhojpurisahityangan.com

रचनाकार सम्मिलित हुए। इस समारोह के स्वागताध्यक्ष श्री जयमंगल सिंह (पूर्व एम० एल० सी०) थे। श्री नागेन्द्र प्र० सिंह, पाण्डेय कपिल, श्री अर्जुन कुमार 'अशांत' रघुवीर बाबू की वहु प्रकाशवती नारायण, पौत्र प्रताप नारायण, बैकुण्ठ जी, जमादार भाई, ब्रजकिशोर दुबे सरीखे व्यक्तियों ने भाग लिया।

इस मंच के तत्वाधान में खेलकूद का भी आयोजन श्री दहाउर प्रसाद राय के नेतृत्व में किया गया। पुरस्कार वितरण श्री रामजयपाल सिंह के कर-कमलो द्वारा संम्पन्न हुआ। इस आयोजन को सफल बनाने में नवयुवक दल के उत्साही सदस्यों को सक्रिय सहयोग सराहनीय रहा।

रघुवीर नारायण के गाँव की घरती पर उनकी एक प्रतिमा स्थापित की जाय तथा एक साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था को स्थापित कर संचालित किया जाय ऐसा संकल्प है। साथ ही नयागाँव क्षेत्र के प्रवुद्ध एवं संवेदनशील लोगों से इस दायित्व के निर्वाह की अपेक्षा की जा रही है।

आदरणीय श्री नागेन्द्र प्र० सिंह के निर्देशन में रघुवीर नारायण कला मंच की नियमावली तैयार कर कला मंच की आम वैठक से पारित की गई है।

रघुवीर नारायण पुस्तकालय

पुस्तकालय के उद्घाटन से पूर्व उसमें आवश्यक सामग्री जुटाने में पूरे उत्साह से और लगने के साथ कार्यक्रम बनाए गए। इस दिशा में श्री जयमंगल प्र० यादवेश ने उपस्कर के मद में सर्वप्रथम दान देकर हमारे मंच के सदस्यों के उत्साह को बढ़ाया जिसके लिए हम उनके आभारी हैं। श्री वीरेन्द्र नाथ पाठक उपस्कर एवं पुस्तकें दान में देकर प्रोत्साहित किया। पांडेय कपिल ने भोजपुरी की इक्यावन पुस्तकें दान स्वरूप देकर पुस्तक संग्रह अभियान का श्री गणेश किया जिसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं। और भी लोगों से पुस्तकें प्राप्त हुई जिसकी सूची इस प्रकार है।

श्रीमती प्रकाशवती नारायण, प्रेम शरण, डा० राम शोभित प्र० सिंह, श्री सत्यदेव चौरसिया, श्यामदेव प्रसाद, प्रो० रामनाथ राय, चंदेश्वर प्रसाद राय, राजदेव पंडित, श्री वीरेन्द्र कुमार चौरसिया आदि।

आज जबकि मानवीय मूल्यों का तेजी से ह्रास होता जा रहा है और शिक्षा के प्रति सजगता का भाव लुप्त-सा होता जा रहा है, पुस्तकालय जैसी स्वयं सेवी संस्था की स्थापना तथा संचालन में उपस्थित होने वाली कठिनाईयों का आप सहज अंदाजा लगा सकते हैं। फिर भी हम इस संस्था से जुड़े प्रेमी लोगों की मदद से इस पुस्तकालय की अद्यतन स्थिति इस प्रकार है।

(क) पुस्तकालय की सदस्य संख्या : 428

(ख) पुस्तकालय में पुस्तकों की संख्या : 1005

(ग) पुस्तकालय में उपस्कर :-

कुर्सी : 6
बेंच : 2
टेबल : 2
अलमीरा : 3

रघुवीर नारायण पुस्तकालय को विशेषत: भोजपुरी पुस्तकालय के रूप में विकसित करने, रघुवीर बाबू की रचनाओं को संग्रह करने साथ ही अन्य भोजपुरी दुर्लभ ग्रंथों को संग्रह करने का लक्ष्य रखा गया है। सेवा संस्थान तथा कला मंच की भी आकांक्षा है कि भोजपुरी के संदर्भ ग्रंथों को भी यह पुस्तकालय उपलब्ध करावे। तत्काल यह पुस्तकालयाध्यक्ष ग्राम पंचायत भवन में संचालित है। इसे अपनी भूमि और भवन चाहिए। पुस्तकालय के स्थान पर वीरेन्द्र कुमार चौरसिया कार्यरत हैं। भूमी प्राप्त करने की दिशा में प्रयास किया गया है। निकट भविष्य में भूमि उपलब्ध हो जाने की संभावना है। यह पुस्तकालय सारण जिला पुस्तकालय संघ के नियमानुसार संवद्ध हो चुका है। यह प्रसन्नता की बात है कि डा० राम शोभित बाबू (पुस्तकालयाध्यक्ष सिन्हा लाइब्रेरी पटना) जो शिक्षा जगत एवं समाज सेवा से आजीवन जुड़े रहे हैं, का आशीर्वाद इस पुस्तकालय को प्राप्त है। यह संस्था उनके सक्रिय सहयोग तथा मार्गदर्शन से समाज में जागरण पैदा करने में अहम् भूमिका निभा सकने में समर्थ हो सकेगा। रघुवीर नारायण कला मंच की ओर से उन सबके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने हमारे उत्साह एवं गौरव को बढ़ाया है। हमें आशा है कि भविष्य में भी आपका आशीर्वाद एवं स्नेह प्राप्त होता रहेगा।

जय हिन्द! जय भोजपुरी!

ह० जगदीश सिंह
अध्यक्ष

ह० राम नाथ राय
सचिव

www.bhojpurisahityangan.com

गीत

□ सत्यनारायण सिंह

लोग मिलते रहल आ बिछुड़ते रहल
रास्ता भर रहल ना केहू हम सफर
काँट कुशन में आगे चलले आ बढ़ल
आँवन में कटल जिन्दगी के सफर
आजतक ले पहेली रहल जिन्दगी
लोग कोशिश कइल राज पा न सकल
गीत लिखनी बहुत हम दरद से भरल
बस डुबल लोर में बिन गवाए रहल
फूल खिलते रहल अवरू, झरते रहल
बगिया न रोअल बाकि एको पहल
घाम में देह बनके पसीना बहल
का कहीं आज ले छांह छलते रहल
अँधियन में हलुक मन उड़ल आ गिरल
पांव रूकल तबहियो ना चलते रहल
रात ढलते रहल दिन निकलते रहल
ना रूकल ना रूकी जिन्दगी के सफर
जेकरा चहनी ऊ तऽ मिल न सकल
जे मिलल ओकरा चहनी न कबो
जीअनी हम पत्थर राख के दिल पर
छोड़नी ना बदल राह में हम तबो
मीठ बोली बदे जी तरसते रहल
बात करकस सुने के मिलल हर पहर

शुभ कामनाओं के साथ:-

माँ विन्ध्यवासिनी स्वीट हाउस

नया गाँव बाजार

www.bhojpurisahityangan.com

बाबू रघुवीर नारायण

जन्म तिथि : 30 अक्तूबर 1884

पुण्य तिथि : 1 जनवरी 1954 (छपरा)

शिक्षा : प्रारंभिक शिक्षा जिला स्कूल छपरा।
तत्पश्चात् पटना कॉलेज में अध्ययन
मुपफ्फरपुर में वर्ष 1948 में

कार्यकलाप : बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अधिवेशन के अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन की अध्यक्षता।
बनैली के राजा कीर्त्यानन्द सिंह के निजी सचिव कई वर्षों तक।
वर्ष 1952-53 में बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना द्वारा वयोवृद्ध साहित्यकार सम्मान।

अंग्रेजी कृतियाँ : (1) ए टेल ऑफ बिहार (1905),
(2) वेसाइड ब्लासम्स (1929),
(3) लव एण्ड वार,
(4) दि व्हील ऑफ टाइम
(5) विक्असे रिटर्न
(6) सीताहरण (1929)
(7) फोक टेल्स ऑफ बिहार (अंग्रेजी गद्य पुस्तक)

हिन्दी : (1) रमा (हिन्दी खण्ड काव्य, 1911),
(2) रघुवीर रस-रंग
(3) निकुंज कलाप
(4) रघुवीर रसगंगा
(5) बटोहिया

इसके अतिरिक्त कलकत्ता के इस्टीच्यूट मैगजीन और यंग बिहार में अंग्रेजी कविताएं प्रकाशित हुई। 'फोगटे' 'तरूण भारत' और बिहार बन्धु, शिक्षा आदि तत्कालीन पत्र पत्रिकाओं में हिन्दी रचनाएँ प्रकाशित।

प्रकाशक : रघुवीर नारायण सेवा संस्थान, ग्राम+पो०- नयागाँव, जिला-सारण (बिहार)
मुद्रक : कॉस्मिक कम्प्यूटर्स, 06 एडीसन आर्केड, पटना-800001

सहयोग राशि- 25.00 (पच्चीस) रुपये